हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## खारुन में हरा आतंक....

फोटो- हेमंत वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/धरसींवा

छत्तीसगढ़ की अस्मिता और जीवन का आधार मानी जाने वाली खारुन नदी इन दिनों अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। कभी कल-कल बहती निर्मल धारा अब जलकुंभी के 'हरे आतंक' की गिरफ्त में है। नदी का स्वरूप अब किसी जलस्रोत जैसा नहीं, बल्कि घास के मैदान की तरह नजर आने लगा है। स्थिति इतनी विकराल हो चुकी है कि नदी के किनारे बसे मुरेठी जैसे गांवों में निस्तारी के लिए साफ पानी का अकाल पड़ गया है। यह तस्वीर है मुरेठी की। इस मौसम में मुरेठी के ग्रामीण दोहरी मार झेल रहे हैं। एक ओर एनीकेट का पानी उद्योगों को दे दिया गया जिससे नदी सूखी पड़ी है, और जो थोड़ा-बहुत पानी बचा है वह जलकुंभी और औद्योगिक कचरे के कारण उपयोग के लायक नहीं रहा।

## छाए बादलों से 41 तक लुढ़का पारा मगर गर्मी बरकरार



**रायपुर।** बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवा ने दो दिन बाद तापमान में 3 डिग्री की कमी ला दी है। हालांकि इसका गर्मी पर कोई खास असर नहीं हुआ है। छाए बादलों की मात्रा में कमी आने के बाद बुधवार से पुनः ग्रीष्मलहर का दौर शुरू होने की संभावना है। गर्मी अपना प्रभाव दिखा रही है, जो पिछले साल के सर्वाधिक तापमान के नजदीक पहुंच चुकी है। राज्य का मध्य इलाका सप्ताहभर की भीषण गर्मी का दौर झेल चुका है। पिछले दो दिनों से बादल और नमीयुक्त हवा के असर से तापमान में तीन डिग्री कमी दर्ज की गई है। सप्ताहभर में वातावरण इतना गर्म हो चुका है कि तापमान में आने वाली कमी भी अपना कोई खास असर नहीं दिखा पायी। मंगलवार को राज्य का अधिकतम 43 डिग्री तापमान बिलासपुर का रिकार्ड किया गया। रायपुर का पारा 41.4 तक पहुंच गया। दिनभर बादल छाए रहे और हवा की गति भी सामान्य से अधिक रही, मगर यह राहत देने के बजाए परेशानी का कारण बनी रही।

### शहर में नगर निगम ने 15 जगहों पर लगवाई है वाटर एटीएम मशीन

# शहर में राहगीरों के लिए न छांव और न प्यास बुझाने ठंडा पानी, वाटर एटीएम बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में तेज गर्मी और चिलचिलाती धूप ने जहां लोगों को बेचैन कर दिया, वहीं दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों और आउटर की कालोनियों से कामकाज के सिलसिले में आने-जाने वालों की परेशानी ये है कि पब्लिक प्लेस के रास्ते में न धूप से बचने छांव का ठिकाना है और न सूखे कंठ को तर करने ठंडे पानी का इंतजाम। हैरानी की बात ये है कि अप्रैल का अंतिम सप्ताह शुरू होने को है, पर निगम प्रशासन इस बार शहर में प्याऊ घर की व्यवस्था अब तक नहीं कर पाया। नगर निगम द्वारा शहर में 15 जगहों पर लगाई गई वाटर एटीएम मशीन बंद पड़ी है, जिसकी मरम्मत और संचालन के लिए अब तक एजेंसी तय नहीं की ▶▶|शेष पेज 11 पर

- 3 मशीनें खराब, 12 मशीनों का 6 माह तक संचालन व मेंटनेंस के लिए निगम ने किया टेंडर

### इन स्थानों पर वाटर एटीएम मशीन की रही सुविधा

- जिला अस्पताल पंडरी
- एम्स हास्पिटल गेट नंबर 2
- आंबेडकर अस्पताल मेन गेट
- सरस्वती नगर थाना के पास
- तेलीबांधा बीएसयूपी परिसर
- कचना बीएसयूपी साइट
- सड्डू बीएसयूपी साइट
- दलदल सिवनी बीएसयूपी आवासीय परिसर
- मोवा नहरपारा कांपा
- शंकर नगर जोन 3 कार्यालय
- भाठागांव ढेबर सिटी बीएसयूपी साइट
- भाठागांव नत्थानी बीएसयूपी साइट
- वालफोर्ट बीएसयूपी साइट
- डब्लूआरएस कालोनी



### एजेंसी तय करने टेंडर किया है

दर्जन भर अलग-अलग लोकेशन पर नगर निगम के वाटर एटीएम की मरम्मत कराने और इसके संचालन काय्र के लिए 6 माह की समय अवधि के लिए 6 लाख रुपए का टेंडर किया है। एजेंसी तय होते ही लोगों को नि:शुल्क पीने का शुद्ध पानी वाटर एटीएम से मिलने लगेगा।

- **राजेश राठौर**, अधीक्षण अभियंता, नगर निगम रायपुर

### गला तर करने 15 स्थानों पर लगाई थी ठंडे पानी वाली मशीन, मुफ्त में पानी

रायपुर नगर निगम की योजना शाखा ने पूर्व में शहर के 15 अलग-अलग लोकेशन पर लोगों की प्यास बुझाने ठंडे पानी वाली मशीन लगवाई थी। इसमें राहगीरों और आसपास के रहवासियों को नि:शुल्क शीतल जल उपलब्ध कराने की व्यवस्था रही। रखरखाव के अभाव में अधिकतर स्थानों पर लगाई गई वाटर एटीएम मशीन बंद पड़ी हैं। यानी जब जरूरत है, तब मशीन से लोगों को ठंडा पानी नहीं मिल रहा है। 1.50 करोड़ खर्च कर वर्ष 2017-18 में नगर निगम ने वाटर एटीएम मशीनें लगवाईं। इनमें से 3 मशीनें किसी काम की नहीं रहीं, 12 मशीनों को मरम्मत की जरूरत है।

### रायपुर स्मार्ट सिटी ने 18 वाटर एटीएम निगम को किए हैंडओवर, एजेंसी की मियाद खत्म

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 7 वर्ष पूर्व शहर के सार्वजनिक स्थानों पर 1 रुपए में 1 लीटर शुद्ध व शीतल जल की सुविधा उपलब्ध कराने 18 स्थानों पर वाटर एटीएम मशीन लगवाई गई। इसके संचालन व संधारण कार्य के लिए मशीन लगाने वाली कंपनी के साथ अनुबंध किया गया। इसके तहत कोई भी नागरिक वाटर एटीम मशीन में 1 रुपए का सिक्का डालकर शुद्ध व शीतल जल अपनी सुविधा अनुसार ले सकता था। स्मार्ट सिटी की समय सीमा पूरा होने के बाद उसने यह प्रोजेक्ट नगर निगम को हैंडओवर कर दिया है। साथ ही वाटर एटीएम का संचालन व संधारण करने वाली एजेंसी के 7 वर्ष की मियाद भी अब समाप्त हो चली है। निगम के अधिकारियों का कहना है रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से हैंडओवर हुई वाटर एटीएम मशीन का सर्वे कराने के बाद जो मशीनें उपयोग के लायक हैं, उसके संचालन के लिए एजेंसी तय करने टेंडर की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

#### 18 लोकेशन इस तरह

- एमजी रोड मंजू ममता हॉटल के पास
- गांधी उद्यान
- रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय मुख्य द्वार के पास
- विश्वविद्यालय कैंपस के अंदर
- मोतीबाग
- अनुपम गार्डन
- क्लेक्टोरेट गार्डन
- जिला न्यायालय परिसर
- आजाद चौक थाना परिसर
- टिकरापारा थाना परिसर
- पिंक टायलेट खालसा स्कूल के पास
- दालभात केंद्र
- इंडोर स्टेडियम परिसर बूढ़ापारा
- सेंट्रल लाइब्रेरी कैंपस जीई रोड
- भाठागांव चौक पार्षद कार्यालय के पास
- कटोरातालाब के परिसर
- यातायात थाना के पास पंडरी

## हाय गर्मी...त्रस्त होकर व्यापम ने बदला समय परीक्षाएं अब 10 बजे से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने परीक्षाओं के समय में बदलाव कर दिया है। यह परिवर्तन गर्मी के कारण किया गया है। अब तक व्यापम की परीक्षाएं प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.15 मिनट तक संचालित की जा रही थीं। अब परीक्षाएं 10 बजे प्रारंभ होंगी, जो दोपहर 12.15 मिनट तक चलेंगी। 26 अप्रैल को आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षाओं सहित आगामी सभी परीक्षाओं के लिए नया नियम अगले आदेश तक लागू रहेगा। व्यापम के संयुक्त परीक्षा नियंत्रक केदार पटेल ने बताया, अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश प्रातः 9:30 बजे तक ही दिया जाएगा। इसके बाद प्रवेश पूर्णतः बंद कर दिया जाएगा। व्यापमं द्वारा अभ्यर्थियों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा से एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केंद्र का अवलोकन कर लें तथा परीक्षा दिवस पर निर्धारित समय से कम से कम 2 घंटे पूर्व केंद्र पर उपस्थित हों। प्रवेश से पहले प्रत्येक अभ्यर्थी की पुलिस द्वारा फ्रिस्किंग की जाएगी।

- 19 अप्रैल तक 11 से 1 बजे तक आयोजित हो रही थी परीक्षाएं

### 104 केंद्रों में 34,168 अभ्यर्थी होंगे शामिल

छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन 26 अप्रैल रविवार को किया जाएगा। परीक्षा रायपुर जिले के 104 परीक्षा केंद्रों में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित होगी। इसमें कुल 34,168 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए ड्रेस कोड पूर्व की ही तरह निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह के कपड़े पहनकर आना अनिवार्य है। काले, गहरे नीले, हरे रंग के कपड़े तथा जूते, मोजे, स्कार्फ, बेल्ट आदि पहनना प्रतिबंधित रहेगा। केवल चप्पल पहनकर आने की अनुमति होगी। कान के आभूषण भी वर्जित हैं।

## प्री-मानसून मेंटेनेंस, 7 को प्रभावित रहेगी मुंबई-रायपुर की फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश के पहले 7 मई को मुंबई एयरपोर्ट पर आवश्यक मरम्मत कार्य किया जाएगा। इसकी वजह से सुबह 11 से शाम 5 बजे तक वहां फ्लाइट का संचालन नहीं होगा। इससे मुंबई-रायपुर के बीच चलने वाले दो फ्लाइट प्रभावित होने की संभावना है। एक मई से दोनों शहरों के बीच चौथी नियमित फ्लाइट उड़ान भरने वाली है।

- सुबह 11 से शाम 5 बजे तक बंद रहेगा मुंबई एयरपोर्ट का रनवे

मानसून के दौरान रनवे पर विमान सुरक्षित तरीके से लैंड और टेकऑफ हो सके, इसके लिए आवश्यक मरम्मत की आवश्यकता होती है। प्री-मानसून मेंटेनेंस के लिए मुंबई एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा 7 मई की तारीख तय की गई है। सूत्रों के अनुसार सुबह 11 से शाम 5 बजे यानी छह घंटे दोनों रनवे फ्लाइट ऑपरेशन के लिए बंद रहेगा। इस दौरान वहां ना कोई फ्लाइट आ सकेगी और ना उड़ान भर सकेगी। इससे मुंबई से विभिन्न शहरों के लिए संचालित ▶▶|शेष पेज 11 पर



## चंदनडीह में बाइक सवार से दिनदहाड़े एक लाख की लूट, कार सवार तीन युवकों ने दिया वारदात को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के टाटीबंध क्षेत्र में चंदनदीह के पास दिनदहाड़े दोपहर को लूट की घटना हो गई। कार सवार तीन युवकों ने एक बाइक सवार व्यक्ति का रास्ता रोककर उससे एक लाख रुपए लूटे और फरार हो गए। इस घटना के दौरान आरोपियों ने बाइक सवार युवक के साथ मारपीट भी की है, जिससे उसे चोटें आई हैं। इस घटना ने एक बार फिर शहर में कमिश्नर प्रणाली की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिया है। हालांकि इस घटना के बाद आरोपियों को पकड़ने पुलिस सरगर्मी से कार और आरोपियों की तलाश कर रही है।



आमानाका पुलिस के अनुसार घटना 20 अप्रैल को दोपहर करीब पौने तीन बजे घटी। प्रार्थी जफर इकबाल 40 वर्ष पंडरी के ताज नगर मस्जिद के पास रहता है। वह पेशे से होम डेकोर है। मोवा में उसकी दुकान है। घटना के समय वह अपनी बाइक से एक दोस्त से मिलने के लिए टाटीबंध से ▶▶|शेष पेज 11 पर

### सीसीटीवी फूटेज खंगाल रही पुलिस

इधर इस घटना की रिपोर्ट पर पुलिस घटना स्थल से लेकर आसपास के क्षेत्र में कार और आरोपियों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फूटेज खंगाल रही है। पुलिस दावा है कि वह जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लेगी। हालांकि इस घटना में आरोपियों द्वारा डेढ़ लाख रुपए में से 50 हजार रुपए और बैग को मौके पर फेंक कर जाना, कहीं न कहीं इस घटना की कहानी को भी संदेह के दायरे में ला रहा है। बहरहाल पुलिस मामले में आरोपियों और कार की तलाश में जुटी हुई है।




### इस माह जारी होंगे बारहवीं कक्षा के भी परिणाम

## केंद्रीय विद्यालय ने पीछे छोड़ा नवोदय विद्यालय को, सबसे पीछे रहे सरकारी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वीं के परिणामों में केंद्रीय विद्यालय 99.57% उत्तीर्णता के साथ टॉप पर रहे, जबकि जवाहर नवोदय विद्यालय 99.42% उत्तीर्णता के साथ दूसरे स्थान पर हैं। 2025 में जेएनवी आगे था, लेकिन इस बार केवी ने 0.15% की बढ़त से बाजी पलट दी। बीते दिनों केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 10वीं के 2026 के बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी किए थे। इस बार संस्थान वार प्रदर्शन में केंद्रीय विद्यालय ने बाजी मारते हुए पहला स्थान हासिल किया है, जबकि जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) दूसरे स्थान पर रहे। 2026 के परिणाम में केंद्रीय विद्यालयों का पास प्रतिशत 99.57% रहा, जो सभी स्कूल कैटेगरी में सबसे ज्यादा है। वहीं, जवाहर नवोदय विद्यालयों का पास प्रतिशत 99.42% दर्ज किया गया। इस तरह केवी ने जेएनवी को 0.15% का मामूली अंतर से पीछे छोड़ा है। गौरतलब है, सीबीएसई 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित करने की तैयारी कर रहा है। अप्रैल माह में ही हायर सेकंडरी के भी नतीजे घोषित होने की उम्मीद जताई जा रही है। इस बार 10वीं कक्षा के छात्रों को सीबीएसई दूसरा मौका भी दे रहा है। अर्थात ऐसे विद्यार्थी जो तीन अथवा कम विषय में अनुत्तीर्ण हुए हैं अथवा सभी विषयों में उत्तीर्ण होने के बाद भी अपने अंकों से संतुष्ट नहीं हैं, वे इसमें शामिल हो सकते हैं। दूसरी परीक्षा समय पर आयोजित हो सके, इसलिए हाईस्कूल के परिणाम पहले घोषित किए गए हैं। बारहवीं कक्षा के छात्रों को दूसरा अवसर नहीं मिलेगा।

- दूसरी परीक्षा का मौका केवल दसवीं के छात्रों को

### अन्य स्कूलों का प्रदर्शन

संस्थान वार रिजल्ट में अन्य स्कूलों का प्रदर्शन इस प्रकार रहा:

- सेंट्रल तिब्बतन स्कूल - 97.42%
- निजी (इंडिपेंडेंट) स्कूल - 93.77%
- सरकारी स्कूल - 91.43%
- सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल - 91.01%




### दोनों संस्थानों में प्रतिस्पर्धा

*यह आंकड़े दिखाते हैं कि टॉप संस्थानों और अन्य स्कूलों के बीच अभी भी स्पष्ट अंतर बना हुआ है। अगर 2025 और 2026 के आंकड़ों की तुलना करें तो टॉप दो संस्थानों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलती है। 2025 में जेएनवी का परिणाम 99.49% तथा केवी का परिणाम 99.45% रहा था। इस तरह जेएनवी 0.04% से आगे रहा था। वहीं 2026 में केवी का उत्तीर्ण प्रतिशत 99.57% तथा जेएनवी का उत्तीर्ण प्रतिशत 99.42% रहा। इस तरह केंद्रीय विद्यालय 0.15% से आगे है। बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए दोनों संस्थानों में हमेशा ही प्रतिस्पर्धा रही है।*

## खबर संक्षेप

### लोरिक चंदा चंदैनी लोकनाट्य महोत्सव आज

आरंग। लोरिक नगर गढ़रीवां के नाम से सुविख्यात ग्राम रीवा में समस्त वासी व सामाजिक संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में लोरिक चंदा चंदैनी लोकनाट्य महोत्सव का भव्य आयोजन हो रहा है। जिसमें कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब और संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम अध्यक्ष मोना सेन सहित अंचल के जनप्रतिनिधि व लोकविधा के जानकार उपस्थित हो रहें हैं। महोत्सव में लोरिक चंदा चंदैनी लोकनाट्य टीम की शानदार प्रस्तुतियां होगी। ग्राम के सरपंच घासियराम साहू ने बताया आयोजन को लेकर ग्राम में खासा उत्साह है। ग्राम के सर्व समाज प्रमुख व समस्त ग्राम वासी इस आयोजन को सफल बनाने में बढ़ चढ़कर सहयोग कर रहे हैं।

### स्वास्थ्य परामर्श शिविर आज से

आरंग। आरंग जन सेवा समिति एवं राधाकृष्ण मंदिर ट्रस्ट कमेटी, आरंग के संयुक्त तत्वावधान में आज 22 अप्रैल से 06 दिवसीय स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन राधाकृष्ण मंदिर परिसर, आरंग में किया जा रहा है। जिसमें एक्यूप्रेशर, काइरोप्रैक्टिक मसाज एवं चुंबकीय पद्धति से लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर परामर्श दिए जाएंगे। शिविर 22 से 27 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 8:30 बजे से 1:00 बजे तक तथा शाम 3:30 बजे से 7:30 बजे तक चलेगा। शिविर में उपलब्ध उपचार (बिना दवाइयों के) इस प्रकार रहेगा - एक्यूप्रेशर, सुजोक एवं वाइब्रेशन थेरेपी द्वारा पुराना सिरदर्द, साइटिका व जोड़ों का दर्द, आंख, कान, नाक, गले के रोग, घुटनों का दर्द, मोटापा एवं ब्लड प्रेशर, गैस, कब्ज, लकवा (पैरालिसिस), मस्सा, बवासीर, मानसिक तनाव व डिप्रेशन, हाथ-पैरों में झुनझुनी सहित अन्य कई रोगों का उपचार किया जाएगा। डॉ. वी.आर. चौधरी एवं उनकी अनुभवी टीम के देखरेख में मरीजों का उपचार किया जाएगा।

**समस्या : जलकुंभी के हरे आतंक और औद्योगिक दोहन के बीच ग्रामीणों का जीना दूभर**

# जलकुंभी और गंदगी से पट रही खारुन नदी, जहरीला और बदबूदार हुआ पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

छत्तीसगढ़ की अस्मिता और जीवन का आधार मानी जाने वाली खारुन नदी इन दिनों अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। कभी कल-कल बहती निर्मल धारा अब जलकुंभी के 'हरे आतंक' की गिरफ्त में है। नदी का स्वरूप अब किसी जलस्त्रोत जैसा नहीं, बल्कि घास के मैदान की तरह नजर आने लगा है। स्थिति इतनी विकराल हो चुकी है कि नदी के किनारे बसे मुरेठी जैसे गांवों में निस्तारी के लिए साफ पानी का अकाल पड़ गया है। विडंबना यह है कि प्रशासन और उद्योगों की कथित सांठगांठ ने इस जीवनदायिनी को उद्योगों के लिए तो 'कामधेनु' बना दिया है, लेकिन इसके असली हकदार ग्रामीण और मवेशी भीषण गर्मी में प्यास से तड़प रहे हैं।

खारुन नदी पर जलकुंभी का साम्राज्य इस कदर फैल चुका है कि पानी की सतह तक सूर्य की किरणें भी नहीं पहुंच पा रही हैं। यह जलकुंभी न केवल नदी के प्रवाह को रोक रही है, बल्कि पानी को पूरी तरह जहरीला और बदबूदार बना चुकी है। ग्रामीण क्षेत्रों में पालतू मवेशी ही इस अव्यवस्था की सबसे बड़ी कीमत चुका रहे हैं।

प्यास बुझाने के लिए जब मवेशी नदी तट पर उतरते हैं, तो जलकुंभी के घने जाल में फंसकर और प्रदूषित पानी पीकर अब तक दर्जनों पशुओं की जान जा चुकी है। किनारे



पर पड़े मवेशियों के शव इस बात की गवाही दे रहे हैं कि प्रशासन की लापरवाही अब बेजुबानों के लिए जानलेवा साबित हो रही है।

### जल संकट और प्रदूषण से कराहता मुरेठी

भीषण गर्मी के इस मौसम में मुरेठी के ग्रामीण दोहरी मार झेल रहे हैं। एक ओर एनीकेट का पानी उद्योगों को दे दिया गया जिससे नदी सूखी पड़ी है, और जो थोड़ा-बहुत पानी बचा है वह जलकुंभी और औद्योगिक कचरे के कारण उपयोग के लायक नहीं रहा। ग्रामीणों के लिए अब न नहाने के लिए पानी बचा है और न ही मवेशियों को पिलाने के लिए। गांव की महिलाएं और बुजुर्ग इस भीषण तपिश में पानी की एक-एक बूंद के लिए भटकने को मजबूर हैं। यदि प्रशासन ने जल्द ही जलकुंभी को हटाने के लिए मशीनी युद्ध स्तर पर कार्य शुरू नहीं किया और उद्योगों की मनमानी पर लगाम नहीं कसी, तो खारुन नदी केवल कागजों पर ही जीवित रह जाएगी।

### औद्योगिक स्वार्थ और प्रशासन की अनदेखी के बीच दम तोड़ती नदी

एक तरफ जहां नदी का पारिस्थितिक तंत्र जलकुंभी से तबाह हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ उद्योगों का स्वार्थ इसे और गंदा कर रहा है। मुरेठी गांव के पास बने एनीकेट से सालों से पानी केवल उद्योगों की प्यास बुझाने के लिए आरक्षित कर दिया गया है। फैक्ट्रियां बेरोकटोक पानी खींच रही हैं, लेकिन नदी की सफाई की जिम्मेदारी लेने को कोई तैयार नहीं है। कायदे से जिन उद्योगों के कारण नदी का दोहन हो रहा है, उन्हें सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) की राशि से नदी की सफाई और जलकुंभी उन्मूलन का कार्य करना चाहिए था। लेकिन हकीकत में सीएसआर की करोड़ों की राशि कहां गायब हो रही है, यह गंभीर जांच का विषय है। किसी भी फैक्ट्री प्रबंधन को नदी के अस्तित्व की रत्ती भर भी चिंता नहीं है।

# स्काउट-गाइड के दल ने राहगीरों को पिलाया शरबत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

भीषण गर्मी के बीच जनसेवा की मिसाल पेश करते हुए शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गुजरा के स्काउट एवं गाइड 'इंदिरा गांधी दल' द्वारा गुजरा गेट पर प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य राहगीरों और स्थानीय नागरिकों को राहत पहुंचाना रहा।प्याऊ घर के माध्यम से लोगों को ठंडा पानी, रूहअफ़्ज़ा, रसना एवं जलजीरा (जीरा शरबत) वितरित किया गया। तपती गर्मी में इस सेवा कार्य से आमजन को काफी राहत मिली और लोगों ने इस प्रयास की सराहना की।कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या साक्षी खरे की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं रेंजर लीडर अन्नपूर्णा पांडेय ने पूरे आयोजन का सफल संचालन किया। इस अवसर पर एसएमडीसी अध्यक्ष चंद्रशेखर बघेल, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश साहू, उपसरपंच हृदय निषाद सहित विद्यालय परिवार के सदस्य भानुप्रताप डहरिया, टीकाराम साहू, डॉ. वर्षा रानी गुप्ता, विष्णु कुमार ब्रह्मदेव, मृदुला वानी, शारदा देवदास, डामन लाल साहू, गंगाधर, सरोजिनी एक्का एवं राजेंद्र डहरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्काउट एवं गाइड के विद्यार्थियों ने सेवा भावना का परिचय देते हुए राहगीरों को स्वयं पानी पिलाया और गर्मी के मौसम में एक-दूसरे की सहायता करने का संदेश दिया। यह आयोजन न केवल मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बना, बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, सहयोग और परोपकार की भावना को भी मजबूत करने वाला सिद्ध हुआ।

## 45 पौवा शराब जब्त, युवक गिरफ्तार

अभनपुर। अभनपुर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम संकरी में रेड कार्यवाही कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। 19 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ग्राम चण्डी की ओर रवाना थी, तभी सूचना मिली कि संकरी निवासी सोमनाथ साहू पिता हेमलाल साहू उम्र 23 वर्ष अपने पानठेला में अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। पुलिस ने गवाहों की उपस्थिति में मौके पर दबिश दी, जहां आरोपी के पानठेला से एक प्लास्टिक बोरी में रखे 45 पौवा देशी मसाला शराब जो कुल 8.100 बल्क लीटर, जिसकी कीमत लगभग 4500 रुपए है बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-18, कांदुल तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-:: आम सूचना ::-**

जारी दिनांक 20/04/2026

रा.नि.मं एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम डोमा प.ह.न. 84 रायपुर 18 तहसील व जिला रायपुर छ० ग० में आवेदक शुभम सिंह ठाकुर पिता श्री पवन कुमार ठाकुर निवासी सत्यनारायण मंदिर टिकरापारा, रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 45/212 रकबा 0.0143 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./क/वाचक / तहसीलदार / 2025 रायपुर दिनांक 14/10/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 07/05/2026 को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता हैं। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें। राजस्व निरीक्षक रायपुर-18 कांदुल

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-18, कांदुल तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**-:: आम सूचना ::-**

जारी दिनांक 20/04/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम डोमा प.ह.न. 84 रा.नि.मं - रायपुर 18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक सुरेन्द्र कुमार यादव पिता श्री दरबारी यादव निवासी म.न. 27 गांधी चौक, देवपुरी, रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 45/198 रकबा 0.0092 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./क/वाचक /तहसीलदार / 2025 रायपुर दिनांक 14/10/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 07/05/2026 को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता हैं। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें। राजस्व निरीक्षक रायपुर-18 कांदुल

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तिहार//**

क्रमांक /क/बी-121/2025-2026

रायपुर, दिनांक 21/04/2026

ग्राम रायपुर खास
तहसील रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका/आवेदक राकेश कुमार साहू पिता स्व.श्री चोवा राम साहू द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण-पत्र बाबत आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है, आवेदक के पिता स्व. श्री चोवा राम साहू, पिता-स्व. सेवाराम साहू की मृत्यु दिनांक 10.05.2018 को घर / हॉस्पिटल मित्तल हॉस्पिटल लोधीपारा रायपुर पर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण-पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 06/05/2026 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 21/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया



आरंग। राजा मोरध्वज आध्यात्मिक धार्मिक सामाजिक मानस संगठन, आरंग ने नारायणबन हनुमान मंदिर, महामाया तालाब आरंग में अक्षय तृतीया (अक्ती) एवं भगवान विष्णु जी के छठवें अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को गरिमापूर्ण, विधिवत पूजा-अर्चना तथा सुंदरकांड, हनुमान चालीसा व आरती कर हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दिन मानस संगठन, आरंग द्वारा वर-वधू के परिणय बंधन में बंधकर नवगृहस्थ जीवन में प्रवेश करने पर उनके खुशहाल जीवन के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। साथ ही भगवान परशुराम जी एक योद्धा ही नहीं थे, बल्कि शास्त्र और शस्त्र के अद्भुत संगम थे। उन्होंने समाज में व्याप्त अधर्म और अत्याचार का अंत कर धर्म और न्याय का शासन स्थापित किया। मानस संगठन, आरंग ने 81वां सप्ताह मंगलवार को सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ पूर्ण किया। शादी समारोह, गृह प्रवेश, जन्मोत्सव में अभी तक मानस संगठन द्वारा 51वां रामायण ग्रंथ भेंट किया जा चुका है। ऐसे ही यह कार्य निरंतर चलता रहेगा। मानस लोधी, अवध विश्वकर्मा, संतोष लाला लोधी, अशोक साहू, हीरालाल साहू, धनाऊ धुरंधर, सीताराम यादव, मनहरण साहू, पुराणिक हिरवानी, लक्ष्मी साहू, टोकेश साहू, भुवन साहू, विनोद गुप्ता, देवशरण साहू, उपेंद्र साहू, नारायण पाल, निकेश निषाद आदि पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित हुए तथा गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा एवं सम्मान प्राप्त हो, इसी उद्देश्य से संपूर्ण भारत में संतों के सानिध्य में गौ सम्मान आह्वान अभियान चलाया जा रहा है। मानस संगठन, आरंग इसका समर्थन करता है एवं शासन-प्रशासन को मानस संगठन द्वारा गौ रक्षा के लिए गौशाला निर्माण हेतु आने वाले समय में ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा



अभनपुर। अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर नवा रायपुर ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित भव्य शोभायात्रा ने पूरे शहर को भक्तिमय रंग में रंग दिया। श्रद्धा, उत्साह और परंपरा के संगम ने ऐसा माहौल बनाया कि हर ओर जय परशुराम के जयकारे गूंजते रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि संदीप शर्मा (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग) द्वारा ध्वज दिखाकर एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके बाद निकली शोभायात्रा में भगवान परशुराम की आकर्षक झांकी मुख्य केंद्र रही, जिसमें भगवान राम की प्रतिमा भी आकर्षण रही। पारंपरिक वेशभूषा में सजे समाज के युवा, महिलाएं और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए।शंखनाद, ढोल-ताशों की गूंज और जयकारों से नवा रायपुर के विभिन्न सेक्टर गूंज उठे। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा, आरती, आतिशबाजी और जलपान की व्यवस्था कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।यात्रा के दौरान युवाओं ने शौर्य प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य प्राचीन संस्कृति व सामाजिक एकता को मजबूत करना और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति व गौरवशाली परंपराओं से जोड़ना है। कार्यक्रम में आयोजित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी समां बांध दिया। शोभायात्रा का समापन सेक्टर-27 स्थित शिवालय परिसर में धर्मसभा के साथ हुआ, जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। देर शाम तक चले इस भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम की सफलता में नवा रायपुर ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों, सदस्यों और कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 9436 दिनांक 23.10.2012 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक-एच.आई.जी.- 1/339 को श्री अंशुमन येनीगेल्ला पिता श्री वाई सरत् के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 29.05.2015 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा कर इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 4378 दिनांक 24.07.2015 आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। आबंटी द्वारा भारतीय स्टेट बैंक बैरन बाजार से सहायता प्राप्त कर उक्त भवन को क्रय किया गया है। संदर्भित पत्र के माध्यम से यूनियन बैंक दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन क्र./ स्ट्रेस्ड एसेट मैनेजमेंट ब्रांच सिकंदराबाद द्वारा उक्त भवन का ऋण खाता 28.02.2024 को निष्पादित (एनपीए) हो गया और हमने SARFAESI अधिनियम 2002 के तहत अपनी वसूली कार्यवाही शुरू कर दी है। हमने उपर्युक्त संपत्ति के लिए दिनांक 20.01.2026 को ई-नीलामी की सूचना जारी की थी और नीलामी 27.02.2026 को SARFAESI अधिनियम 2002 के प्रावधानों के तहत आयोजीत की गई थी। सुश्री नेहा तिवारी ने 8800000/- (अठासी लाख) रूपयें की बोली लगाकर उच्चतम बोलीदाता के रूप में बोली लगाई। बोली राशि का 25 प्रतिशत (22 लाख) प्राप्त होने के पश्चात 02.03.2026 को बिक्री की पुष्टि की गई। नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक-एच.आई.जी.- 1/339 को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर सेक्टर-29 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक-एच.आई.जी. -1/339 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-नवा रायपुर अटल नग

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर- 19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम-सूचना**

दिनांक 19/03/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आकाश निर्मलकर पिता/पति शंकर निर्मलकर निवासी गुमा की ग्राम गुमा प.ह.न. 32 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर- 19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 455/2 रकबा 0.1210 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक क/वाचक/तह/2026 आदेश दिनांक 27/01/2026 के परिपालन में दिनांक 04/05/2026 को समय 11.00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो, वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 32 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।
राजस्व निरीक्षक
धनेली

**नाम स्पष्टिकरण / संशोधन संबंधी सार्वजनिक सूचना**

यह आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं, जीवन सिंह मेहर, पिता श्री भूरसिंह मेहर, उम्र 61 वर्ष, निवासी ए-501, आदि-नाथ सिविलाइजेशन, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छत्तीसगढ़), यह घोषणा करता हूँ कि मेरे पुराने पैन कार्ड एवं आधार कार्ड में भी मेरा नाम "**जीवन सिंह**" दर्ज है। वर्तमान में मेरे नवीन पैन कार्ड एवं आधार कार्ड में मेरा सही एवं पूर्ण नाम "**जीवन सिंह मेहर**" अंकित हो गया है। अतः यह स्पष्ट किया जाता है कि "**जीवन सिंह**" एवं "**जीवन सिंह मेहर**" दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं, अर्थात मैं स्वयं भविष्य में सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, बीमा (पॉलिसी), बैंक एवं अन्य अभिलेखों में मेरे सही नाम "**जीवन सिंह मेहर**" को ही मान्य किया जाए। यह सार्वजनिक सूचना शपथ पत्र के आधार पर जारी की जा रही है।

स्थानः रायपुर (छत्तीसगढ़)
दिनांकः 21/04/2026

शपथकर्ता
जीवन सिंह मेहर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-18, कांदुल तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक- 20.04.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम-डोमा प.ह.न.- 84 रा.नि. मं - रायपुर-18 तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में **आवेदिका सोहागा दीवान पति श्री दुलार सिंह दीवान निवासी शीतला चौक, मठपारा रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 45/213 रकबा 0.0172 हे.** भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./क / वाचक / तहसीलदार / 2025 रायपुर दिनांक 14/10/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 07/05/2026 को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता हैं। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक, रायपुर-18 कांदुल

**न्यायालय तहसीलदार तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**// उद्‌घोषणा//**

रा.मा.क्र. / 202403111700055/अ/27 वर्ष 2025-26
धरसींवा, दिनांक 10/04/2026

**ग्राम टेकारी प.ह.नं. 23**
**रा.नि.मं. रायपुर-16 सारागांव**
**तहसील धरसीवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शैलबाला ठाकुर पति श्यामसिंह निवासी ग्राम टेकारी, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर छ.ग. द्वारा खाता विभाजन बाबत आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम टेकारी, प.ह.न. 23 रा.नि.म. रायपुर-16 सारागांव, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर में स्थित भूमि ख.न. 750/2 रकबा 0.036 हे. की भूमि है। जिस पर आवेदिका शैलबाला ठाकुर पति श्यामसिंह ठाकुर, पूर्णिमा ठाकुर पति हेमन्त ठाकुर का संयुक्त नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का बटवारा किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसके सबंध में हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत फर्द बटवारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है किः- ग्राम टेकारी, प.ह.न. 23 रा.नि.म. रायपुर-16 सारागांव, तहसील जिला रायपुर

| बी-1 अनुसार खातेदार शैलबाला पति श्यामसिंह ठाकुर पूर्णिमा ठाकुर पति हेमंत सिंह ठाकुर | पक्षकार - 1 शैलबाला पति श्याम सिंह | पक्षकार-2 पूर्णिमा पति हेमंत सिंह ठाकुर |
|---|---|---|
| ख.न. रकबा 750/2 0.036 हे. | ख.न. रकबा 750/2 0.018 हे. | ख.न. रकबा 750/2 0.018 हे. |

अतः हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत फर्द प्रतिवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 24/04/2026 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया। आज दिनांक 10/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार धरसींवा

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 07/04/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम नकटी प.ह.नं. 77 रा.नि.मं. सेरीखेड़ी, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में आवेदक आस्था पाण्डेय पति विकास कुमार पाण्डेय, सा. आमासिवनी रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 282/3 व 282/21 रकबा क्रमशः 0.0600 हे. एवं 0.0804 हे. का बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय अति तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. अ-1 वर्ष 2026 आदेश दिनांक 12/03/2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का बटांकन हेतु स्थल निरीक्षण दिनांक 28/04/2026 को समय 2.00 PM बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिती में बटांकन कार्य किया जा सकता है। बटांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।
राजस्व निरीक्षक
सेरीखेड़ी

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी, रायपुर, छ.ग.**

**// शपथ पत्र //**

मैं जीवन सिंह मेहर पिता श्री भूरसिंह मेहर, उम्र 61 वर्ष, निवासी-ए-501, आदिनाथ सिविलाईजेशन, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर, छ.ग. निम्न लिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं:-

1. यह कि, मेरे सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं महत्वपूर्ण दस्तावेजों में मेरा नाम जीवन सिंह अंकित हो गया है।
2. यह कि, मेरे पुराने पेन कार्ड एवं आधार कार्ड में मेरा नाम जीवन सिंह अंकित है।
3. यह कि, मेरे नया पेन कार्ड एवं आधार कार्ड में मेरा नाम जीवन सिंह मेहर अंकित हो गया है।
4. यह कि, मैं मेरे नाम से जारी पॉलिसी में जीवन सिंह को सुधार कर मेरा वास्तविक नाम जीवन सिंह मेहर अंकित किया जावे। जिसके संबंध में संबंधित अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं। शपथकर्ता

**-:सत्यापन:-**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 01 से 04 तक में वर्णित समस्त कथन सत्य एवं सही है अतः आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक- 21.04.2026. शपथकर्ता

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, रायगढ़ (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक दोलामणी गुप्ता पिता हृषिकेश गुप्ता, उम्र-41 वर्ष, जाति-कोलता, निवासी-ग्राम जोबरो, थाना व तहसील-तमनार, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) एवं आवेदिका सुशीला प्रधान पिता स्व. मेघनाथ प्रधान, उम्र-41 वर्ष, जाति-कोलता, निवासी-गली नं. 15, एकता नगर, टेमरी, देवपुरी, थाना-माना कैंप रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आशयित विवाह की सूचना दी गई है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30.04.2026 को 03.00 बजे मेरे न्यायालय में होगी।

उभयपक्ष के विवाह के संबंध में जिस किसी को आपत्ति/उजर करना हो तो वे निर्धारित तिथि एवं समय के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/उजर पर सुनवाई नहीं की जायेगी।

आज दिनांक 09.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

मुहर अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, रायगढ़ (छ.ग.)

**सैकड़ों छात्रों ने सीखे करियर निर्माण के गुर**

# शिक्षा और रोजगार में सामंजस्य स्थापित करना जरूरी : मुरली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

मंगलवार को बद्री प्रसाद लोधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय आरंग एवं स्वयंसेवी संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दसवीं, बारहवीं और कॉलेज के छात्र-छात्राओं का कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें आरंग सहित अंचल के सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल होकर कैरियर निर्माण के गुर सीखे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता थिंक आईएएस संस्थान रायपुर के डायरेक्टर व शिक्षाविद् मुरली मनोहर देवांगन रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में मांग व रुचि अनुरूप विषय का चयन, स्व-स्किल को पहचान कर उस पर कार्य करने, बेरोजगारी व शिक्षा में सामंजस्य बैठाकर कार्य करने पर विशेष जोर



दिया। साथ ही बेहतर शैक्षणिक वातावरण निर्माण कर तैयारी करने को कहा। वहीं दूसरे वक्ता जर्मनी के सॉफ्टवेयर इंजीनियर अंकित चंद्राकर ने एआई व तकनीकी शिक्षा में भविष्य की संभावनाओं पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। अन्य वक्ताओं में विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी सोमनाथ राजपूत, कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अभया रा. जोगलेकर व समाजसेवी महेन्द्र पटेल ने भी बच्चों को प्रेरित किया।

### भीषण गर्मी में जनसेवा की मिसाल

कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर धर्मेन्द्र धृतलहरे, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना एवं समाजसेवी महेन्द्र पटेल ने किया। काफी गर्मी को देखते हुए आरंग की रानी पद्मावती महिला संगठन की महिलाओं ने सभी छात्रों को शर्बत पिलाकर राहत पहुंचाने में सहभागिता निभाई। सभी अतिथियों ने पीपला फाउंडेशन द्वारा कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजन की पहल को मुक्त कंठ से सराहा। कार्यक्रम के आयोजन-संयोजन में फाउंडेशन से महेन्द्र कुमार पटेल, कोमल लाखोटी, राहुल पटेल, नीरज साहू तथा रानी पद्मावती महिला संगठन से श्रीमती हेमलता पटेल, सुरेखा साहू, झालीन साहू, पुष्पांजली मोहंती ने अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ. अविनाश कुमार लाल, डॉ. एल. पी. शर्मा, प्रो. भुनेश्वर साहू, डॉ. अंशुमाला चंदनगर, डॉ. उपेंद्र साहू, प्रो. ज्ञानेश शुक्ला, प्रो. मनोहर मारकंडेय, महेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# गर्मी आते ही बदला मरीजों के खाने का मेनू, मौसमी फल में अब आम, केला और तरबूज भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेज गर्मी का मौसम आते ही आंबेडकर अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों के खाने के मेनू में बदलाव किया गया है। मौसमी फल में अब आम, केला, संतरा और तरबूज जैसे फलों को शामिल किया गया है। मरीजों को गर्म, मगर ऐसा खाना परोसने के निर्देश दिए गए हैं, जो आसानी से पच सके। गर्मी के हिसाब से हेल्दी डाइट पर ध्यान देने और अधिक मसाले का उपयोग नहीं करने कहा गया है।

आंबेडकर अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों को इलाज के साथ निशुल्क भोजन की सुविधा दी जाती है। भर्ती मरीजों के इलाज के अनुसार उनके लिए डाइट का निर्धारण भी किया गया है। खाना परोसने वाली एजेंसी को इस बात की सख्त हिदायत दी गई है कि इसमें किसी तरह का बदलाव नहीं किया जाए। खाने की क्वालिटी चेक करने की जिम्मेदारी ड्यूटीरत केजुअल्टी मेडिकल ऑफिसर की होती है। मरीजों को दिए जाने वाले खाने का डाइट मौसम के हिसाब से वहां के डाइटिशियन तय करते हैं। अप्रैल से गर्मी का मौसम शुरू हो गया है, इसे ध्यान में रखते हुए मरीजों के डाइट मेनू में थोड़ा बदलाव किया गया है। खाने के साथ दिए जाने वाले फलों में अलग-अलग दिन के हिसाब से आम, संतरा, केला या तरबूज देने की हिदायत दी गई है। इसके अलावा दिए जाने वाले भोजन के गर्म होने के साथ आसानी से पचने वाला और कम मसालेदार रखने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा हेल्दी फूड के रूप में उन्हें खाने और नाश्ते में अंडा, दूध, प्रोटीन शेक, सोया सूप भी परोसे जा रहे हैं।

## आंबेडकर अस्पताल के मरीजों को गर्म मगर सुपाच्य भोजन देने पर जोर

### आठ प्रकार की डाइट तय

सूत्रों के अनुसार इलाज करा रहे मरीजों को अच्छा खाना मिले, इसके लिए उनकी आवश्यकता के हिसाब से आठ प्रकार की डाइट की व्यवस्था की गई है। इनमें जननी शिशु सुरक्षा योजना में हाई प्रोटीन डाइट, डायबिटिक डाइट, सॉफ्ट डाइट, लिक्विड डाइट, लो साल्ट डाइट और चाइल्ड डाइट की व्यवस्था है। मरीजों के हिसाब से डाइट तैयार करने के लिए करीब तीन साल पहले बनाई गई चिकित्सकों की टीम ने एम्स के अलावा डीकेएस सहित कुछ अन्य निजी अस्पतालों के मेनू का अध्ययन किया था।



### सुबह-शाम नाश्ते की सुविधा भी

दोपहर और रात के भोजन के अलावा मरीजों को सुबह और शाम नाश्ता भी उपलब्ध कराया जाता है। इसमें उपमा, पोहा, दलिया, इडली, बिस्किट, चना टोस्ट, दूध, चाय को शामिल किया गया है। सूत्रों के अनुसार जननी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत भर्ती होने वाली प्रसूताओं को अलग-अलग दिन के हिसाब से विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों से बनाए जाने वाले छेवारी लड्डू देने की व्यवस्था है।

### तय डाइट का पूरा ध्यान

भर्ती होने वाले मरीजों के अनुसार खाने की डाइट का निर्धारण किया गया है। गर्मी के मौसम के अनुसार उन्हें मौसमी फल भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

*- नेहा जैन, डाइटिशियन, आंबेडकर अस्पताल*

## खबर संक्षेप

### वारंटियों की धरपकड़ जारी दो सप्ताह में 159 गिरफ्तार

**रायपुर।** पुलिस कमिश्नरेट सेंट्रल जोन के डीसीपी सेंट्रल जोन उमेश गुप्ता के निर्देश पर फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में एक सप्ताह के दौरान पुलिस ने 38 गिरफ्तारी वारंट एवं 25 स्थायी वारंट तामील करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह भी सेंट्रल जोन पुलिस ने 52 गिरफ्तारी वारंट तथा 44 स्थायी वारंट तामील किए गए थे। इस प्रकार दो सप्ताह में 90 गिरफ्तारी और 69 स्थायी सहित कुल 159 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इनमें कई आरोपी लंबे समय से फरार थे।

## निधन

### लता देवी



**रायपुर।** रायपुर निवासी लता देवी (70) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 अप्रैल को कोटा श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. पदारतो कुमार की धर्मपत्नी, सुधा, नंदा और वरिष्ठ पत्रकार लक्ष्मी कुमार की माता थीं।

### उदित सिंह ठाकुर



**रायपुर।** रायपुर निवासी उदित सिंह ठाकुर (झांकी वाले) का 20 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 अप्रैल को महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. कन्हैया सिंह के ज्येष्ठ पुत्र, सिद्धांत सिंह, समृद्ध सिंह के पिता और युवराज सिंह के बड़े भाई थे।

### भागी देवी केवलानी



**रायपुर।** लालपुर निवासी भागी देवी केवलानी (83) का 21 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे निवास स्थान से राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सुरेश, राजेश, दिलीप, ऋषि एवं कैलाश केवलानी की माता थीं।

## नगरीय निकायों की समीक्षा का समापन

# नगर पंचायतों में नई संपत्तियों पर 31 मई तक करें करारोपण, अन्य करों की वसूली तेज करें: साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रदेश की सभी नगर पंचायतों के सीएमओ को आगामी 31 मई तक नगर पंचायतों की नई संपत्तियों पर करारोपण का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व संग्रहण बढ़ाने संपत्ति कर, जल कर, यूजर चार्ज जैसे करों की वसूली गंभीरता और कड़ाई से करने को कहा। उन्होंने एनर्जी ऑडिट के माध्यम से गैर-जरूरी विद्युत कनेक्शनों की पहचान कर इसके विच्छेदन की कार्यवाही करने, निकाय के सभी कार्मिकों को हर माह समय पर वेतन और बिजली बिल का भुगतान सुनिश्चित करने को भी कहा।

श्री साव की मौजूदगी में प्रदेशभर के नगरीय निकायों की समीक्षा का दौर मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने रायपुर के सिविल लाइन स्थित सर्किट हाउस में दिनभर चली बैठक में सभी नगर पंचायतों के कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने बैठक में नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को बेतरतीब निर्माणों, अवैध प्लाटिंग और अतिक्रमण पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पंचायतों के कार्यों और व्यवस्थाओं में कसावट लाने को कहा। श्री साव ने कहा कि काम में लापरवाही और कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जवाबदेही तय कर संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



### प्रातः भ्रमण में सीएमओ कर रहे हैं कोताही

श्री साव ने जल संरक्षण के लिए विशेष प्रयास करने के लिए निर्देशित करते हुए शत-प्रतिशत भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर्स का निर्माण कराने को कहा। उन्होंने 31 मई तक बड़े नाला-नालियों और ड्रेनेज की सफाई के काम पूर्ण करने के साथ ही बरसात में जल भराव रोकने जरूरी उपाय करने को कहा। श्री साव ने सभी सीएमओ को मुख्यालय में ही निवास करते हुए प्रतिदिन प्रातः भ्रमण कर शहर की साफ-सफाई और विकास कार्यों की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने भ्रमण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी अपने साथ रखने को कहा। उन्होंने सीएमओ द्वारा प्रातः भ्रमण में की जा रही कोताही पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए रोजाना अनिवार्यतः कार्यों के निरीक्षण के निर्देश दिए।

### नालों की सफाई और लीकेज पाइप लाइन ठीक करें

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने वर्षा ऋतु के पहले सभी नाला, नालियों, ड्रेनेज और तालाबों की सफाई करने को कहा। उन्होंने पाइपलाइन्स के लीकेज ठीक करते हुए सभी घरों तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री साव ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण एक साल के भीतर पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि शहर के जरूरतमंदों के लिए पीएम आवास स्वीकृत करना और बनवाना सीएमओ की जिम्मेदारी है। इस पर सक्रियता और गंभीरता से काम करते हुए आवास स्वीकृति के एक सप्ताह के भीतर भवन निर्माण अनुज्ञा जारी करने को कहा। उन्होंने आवास की स्वीकृति के बाद लाभार्थियों को बुलाकर मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान सहित योजना से संबंधित सभी नियमों और प्रक्रियाओं की जानकारी देने को कहा।

### हर तीन माह में पेश करें रिपोर्ट

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सभी सीएमओ को नई सोच और नई कार्य पद्धति से शहरों तथा शहरवासियों के कल्याण के लिए काम करने को कहा। उन्होंने राज्य के उभरते शहरों को सुव्यवस्थित, सुनियोजित, स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ ही नागरिकों के लिए पर्याप्त जन सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पांचों संभागों के विभागीय क्षेत्रीय संयुक्त संचालकों को हर तिमाही में प्रत्येक नगर पालिका और नगर पंचायत का व्यक्तिगत निरीक्षण कर संचालक को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस., संचालक आर. एक्का और राज्य शहरी विकास अभिकरण के सीईओ शशांक पाण्डेय भी समीक्षा बैठक में मौजूद थे।

### सुशासन तिहार पर दिए निर्देश

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में प्रदेशभर में आगामी 1 मई से शुरू हो रहे सुशासन तिहार के अंतर्गत शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप शहरवासियों को लाभान्वित करने की तैयारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अपर संचालक पुलक भट्टाचार्य, मुख्य अभियंता राजेश शर्मा और नगर पंचायतों के अभियंता भी समीक्षा बैठक में उपस्थित थे।

# एनालॉग पनीर पर विभाग संजीदा, होटल, रेस्टोरेंट वालों को मेनू में उल्लेख करने की नसीहत


'एनालॉग' पर लॉक नहीं... सेहत को नुकसान, फिर भी 'चिट्ठी-पत्री' से आगे नहीं बढ़ा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने ली बैठक, बताई असली-नकली की पहचान

असली पनीर के नाम पर बिकने वाले एनालॉग पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अफसर गंभीर हो गए हैं। मंगलवार को रेस्टोरेंट और होटल वालों की बैठक लेकर अपने मेनू में इसका उल्लेख करने की नसीहत दी है। इसके अलावा उन्हें असली और नकली पनीर की पहचान का तरीका भी बताया है। इधर भारी मात्रा में एनालॉग पनीर बनाने वाली फैक्ट्री में कमियों को दूर करने की कवायद भी शुरू हो गई है। एक में फिलहाल उत्पादन बंद है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने पिछले दिनों बिरगांव और भाठागांव के डेयरी में छापा मारकर एक हजार किलो से ज्यादा एनालॉग पनीर जब्त किया था और दोनों संस्थानों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की थी। विभागीय स्तर पर इससे पहले भी कई संस्थानों से कई क्विंटल मिल्क पावडर और पाम आयल से बनने वाला पनीर बरामद किया था। इससे यह स्पष्ट हो गया था कि एनालॉग की खपत भारी मात्रा में होती है और कई संस्थानों में इसे असली पनीर के नाम पर खपाया जाता है। विभिन्न शिकायतों के आधार पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नियंत्रक दीपक अग्रवाल ने गंभीरता से लिया।

इस मामले में मंगलवार को विभिन्न रेस्टोरेंट, होटल और ढाबों वालों की बैठक ली गई। उन्हें बताया कि असली और एनालॉग पनीर को किस तरह पहचाना जा सकता है। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि आने वाले ग्राहकों को यह बताया जाए कि उन्हें परोसा जाने वाला पनीर असली है अथवा एनालॉग।

### लगातार उपयोग नुकसान दायक

चिकित्सकों के मुताबिक एनालॉग पनीर का लगातार उपयोग नुकसानदायक हो सकता है। इसका निर्माण पाम ऑयल अथवा वनस्पति घी के जरिए किया जाता है। घटिया पाम ऑयल से बने खाद्य पदार्थ किडनी और लिवर को प्रभावित कर सकते हैं। असली पनीर की तुलना में इस पनीर की कीमत आधे से भी कम होती है जिसकी वजह से भी इसकी डिमांड अधिक होती है। फैक्ट्री के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी इसका निर्माण काफी मात्रा में किया जाता है।

### बढ़ते कदम संजीवनी वृद्धाश्रम के नए भवन के लिए भूमिपूजन

**रायपुर।** बढ़ते कदम संजीवनी वृद्धाश्रम के नए भवन के लिए मंगलवार को भूमिपूजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष मुकेश सचदेव, उपाध्यक्ष प्रेमप्रकाश मध्यानी एवं मीडिया प्रभारी राजू झामनानी ने बताया कि रायपुर में 'बढ़ते कदम' संस्था द्वारा कोटा रोड, गुढ़ियारी में संजीवनी वृद्धाश्रम के नए भवन का भूमिपूजन किया गया। यह 9500 वर्गफीट में बन रहा नया आशियाना वर्तमान के किराए के भवन से अलग होगा, जो लगभग 30 बुजुर्गों को बेहतर सेवा व सम्मानजनक माहौल प्रदान करेगा। यह पहल वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक स्थायी और आरामदायक रहने की जगह सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। नए आशियाने का भूमिपूजन माता स्वरूप कन्याओं के शुभ हाथों से कराया गया।



# फर्जी आरटीओ ई-चालान भेजकर खाते से उड़ाए साढ़े 7 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑनलाइन साइबर ठग गिरोह से जुड़े आरोपियों ने अब ई-चालान को भी ठगी करने का नया जरिया बना लिया हैं। इसके तहत अब लोगों को उनके मोबाइल पर फर्जी ई-चालान का मैसेज भेजा जा रहा है, जिसे क्लिक करते ही मोबाइल हैक हो जाता है। इसके बाद कुछ मिनटो में ही व्यक्ति के बैंक खाते में जमा राशि गायब हो जाती है। इस तरह का एक ताजा मामला राजधानी रायपुर में आया है।

ठगों ने फर्जी आरटीओ ई-चालान के नाम पर एक युवक से 7 लाख 42 हजार रुपए की ठगी की है, जिसकी शिकायत टिकरापारा थाना में की गई है। टिकरापारा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पवित्र पाल निवासी आरडीए कालोनी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके बेटे रोहित के मोबाइल पर 10 से 16 अप्रैल के बीच आरटीओ ई-चालान की एपिक फाइल आयी थी। इस एपिक फाइल को जैसे ही उसने डाउनलोड किया, उसके मोबाइल का एक्सेस साइबर ठगों तक पहुंच गया। इसके बाद ठगों ने कुछ मिनटो के भीतर ही रोहित के बैंक खाते में जमा 7 लाख 42 हजार 209 रुपए ट्रांसफर कर लिए। खाते से रकम का आहरण करने का मैसेज मिलते ही रोहित को आभास हुआ कि उसके साथ ठगी हुई है।

### साइबर पुलिस कर रही जांच

इस ठगी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद इस मामले को साइबर सेल को सौंप दिया गया है। साइबर सेल अब इस मामले में कॉल डिटेल्स, बैंक ट्रांजैक्शन और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# सेरीखेड़ी में ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, दो मृत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/मंदिर हसौद

राजधानी रायपुर के मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में भारी वाहन चालकों के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे सबसे ज्यादा दोपहिया सवार लोगों की मौत हो रही है। सोमवार देर रात सेरीखेड़ी के पास मुख्य मार्ग पर एक ट्रक ने दोपहिया सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी, जिसके कारण दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं तीसरा गंभीर रूप से घायल है। इस घटना के बाद चालक ट्रक वहीं छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ट्रक को जब्ती बनाकर घटना की जांच कर रही है।

मंदिर हसौद थाना प्रभारी आशीष यादव ने बताया कि यह दुर्घटना सेरीखेड़ी के पास मुख्य मार्ग पर रात करीब 11.30 से 12 बजे के बीच की है। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे। रेत से भरे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तीनों सड़क पर जा गिरे। इस घटना में आनंद यादव एवं राजू यादव की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं मोंटू भोई को गंभीर चोटें आई हैं, जिसे अस्पताल में दाखिल किया है। दोनों मृतक जिंदल प्लांट के पीछे ओड़िया बस्ती में रहते थे।

बताया गया कि तीनों टेंट का काम करते हैं तथा घटना के समय वे तीनों सिब्बल ग्रीन पैलेस में टेंट का काम खत्म करके घर लौट रहे थे।



### रेत से भरा ट्रक जब्त, ड्राइवर की तलाश जारी

इस घटना के बाद पुलिस ने मौके से रेत से भरे ट्रक को जब्ती बनाया है, वहीं उसका चालक अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ट्रक के नंबर के आधार पर उसके मालिक का पता लगा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही चालक भी पकड़ा जाएगा।

### पुलिस-एंबुलेंस मौके पर पहुंची

इस घटना के बाद मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी। इसके बाद घायल और मृतको के शव को आंबेडकर अस्पताल ले जाया गया। दोनों मृतकों के शव का पोस्टमार्टम कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया, वहीं मोंटू का अभी उपचार जारी है।

### अल्ट्राटेक कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन, 10 लाख मुआवजा देगा प्रबंधक

पुलिस के अनुसार जिस ट्रक से एक्सीडेंट हुआ है, वह ट्रक अल्ट्राटेक कंपनी के मटेरियल साइट पर रेत की डिलीवरी देने जा रहा था। इसकी जानकारी मिलते ही मृतकों के परिजन सहित गांव वासियों ने दोनों शव को अल्ट्राटेक कंपनी के मटेरियल साइट के मुख्य गेट के पास रखकर जमकर प्रदर्शन किया। इस विरोध के बीच कंपनी प्रबंधक ने मुआवजा के रूप में मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस घोषणा के बाद लोगों ने प्रदर्शन खत्म किया।

## बिजनेस साइट

### श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल में हादसे के शिकार बालक की आंखों की रोशनी बचाई गई

**रायपुर।** ओडिशा के उमरकोट निवासी 12 वर्षीय यश मंडल के साथ एक दर्दनाक हादसा हुआ। यश ने घर में कार्बाइड गन तैयार की, जिसका परीक्षण करते समय अचानक विस्फोट हो गया। हादसे में उसकी आंखों की बाहरी परत और कॉर्निया गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे दृष्टि खोने का खतरा उत्पन्न हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उसे रायपुर स्थित श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। यहां कॉर्निया विशेषज्ञ डॉ. अमृता मुखर्जी और उनकी टीम ने तत्परता दिखाते हुए जटिल सर्जरी की। विशेषज्ञों के समन्वित प्रयास से बालक की आंखों की रोशनी सुरक्षित बचा ली गई। डॉ. अमृता मुखर्जी ने कहा कि आज बच्चों के हाथ में मोबाइल है, लेकिन हर जानकारी सुरक्षित नहीं होती। बिना मार्गदर्शन के प्रयोग जानलेवा साबित हो सकते हैं। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों की जिज्ञासा को सही दिशा दें और खतरनाक गतिविधियों से दूर रखें।



### उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने वेदांता पॉवर प्लांट हादसे पर जताया शोक

**रायपुर।** उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने वेदांता पॉवर प्लांट में हुए भीषण बॉयलर ब्लास्ट हादसे में मृत श्रमिकों एवं कर्मचारियों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। एसोसिएशन ने इस दुखद घटना को उद्योग जगत के लिए अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी सहानुभूति प्रकट की। उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन परिवार एवं समस्त उद्योग जगत इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। साथ ही एसोसिएशन ने हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए कर्मचारियों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए उनके बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील भी की है।

## पेज 09 के शेष ...

### शहर में राहगीरों के लिए...

गई। हालत ये है कि 15 में से 3 जगहों की वाटर एटीएम मशीनें पूरी तरह कबाड़ हो चुकी हैं। राजधानी में तपती धूप और गर्म हवा के थपेड़ों से राहत दिलाने के मामले में निगम प्रशासन फिसड्डी साबित हो रहा है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, गोलबाजार, शास्त्री बाजार, सदर बाजार, मालवीय रोड, एमजी रोड सहित नगर निगम के जोन दफ्तरों के आसपास अब तक प्याऊघर शुरू नहीं हो पाए हैं, जबकि हर साल गर्मी के दिनों में स्वयंसेवी, सामाजिक, धार्मिक संगठनों के साथ समन्वय कर गरीब व मध्य वर्गीय परिवार को राहत देने नगर निगम प्याऊ घर की व्यवस्था करता है। इस बार शहर में गिनती की जगहों पर प्याऊ घर खुल पाए हैं, जो कि शहर की बसाहट और फ्लोटिंग पीपुल की संख्या के हिसाब से बेहद कम हैं।

### प्री-मानसून मेंटेनेंस...

होने वाले विमान पर असर पड़ने की संभावना है। इससे मुंबई रायपुर के बीच उड़ान भरने वाली दो फ्लाइट पर असर पड़ने के आसार हैं। वर्तमान में मुंबई-रायपुर के बीच नियमित रूप से तीन सीधी फ्लाइट आवाजाही करती है। एक मई से दोनों शहरों के बीच चौथी फ्लाइट का संचालन शुरू होने वाला है। ट्रैवहल्स सूत्रों कहना है कि फिलहाल एयरलाइंस कंपनी द्वारा किसी फ्लाइट के केंसिल होने की सूचना नहीं दी है। आने वाले दिनों में इस तरह के अपडेट आ सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक मुंबई एयरपोर्ट से रोजाना करीब 900 फ्लाइट संचालित होती है, जिसमें से सुबह 11 से शाम 5 बजे के बीच ढाई सौ फ्लाइटों का ऑपरेशन होता है।

### चंदनडीह में बाइक सवार ...

कुम्हारी की ओर जाने के लिए निकला था। उसे अपने दोस्त को पैसे लौटाने थे, इसलिए वह दुकान से डेढ़ लाख रुपए एक बैग में रखकर ले जा रहा था। वह चंदनडीह पुल मार्ग से होकर जाता, लेकिन वहां जाम लगा हुआ था। इसे देखकर उसने पुल के नीचे का रास्ता चुना। इस रास्ते से जाते समय जैसे ही वह दुर्गा मंच के पास पहुंचा, तभी थार कार में सवार तीन युवक उसके पास पहुंचे। उनमें से एक युवक कार से उतरते ही जफर के हाथ में रखा रुपयों से भरा बैग छीनने लगा।

जफर ने जब इसका विरोध किया, तो कार में सवार अन्य दो युवक भी उतरे और जफर से मारपीट करते हुए उसका बैग छीन लिया। इसके बाद आरोपियों ने बैग में से रुपए निकालकर बैग को वहीं फेंका और फरार हो गए। जफर ने जब बैग उठाकर देखा, तो उसमें 50 हजार रुपए थे। इस तरह आरोपियों ने बैग से एक लाख रुपए ही निकाले थे और फरार हो गए। पुलिस को दिए बयान में जफर ने यह भी बताया है कि घटना के बाद उसने कार का परसदा रोड स्थित कैवल्य धाम मंदिर तक पीछा भी किया था, लेकिन उसके बाद कार उसकी आंखों से ओझल हो गई। मारपीट में जफर के हाथ और सीने में चोटें आई हैं।

# 'हिंदुत्वनिष्ठों' ने मुख्यमंत्री साय को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हिंदू जनजागृति समिति आयोजित 'प्रांतीय हिंदू राष्ट्र अधिवेशन' में दिए गए वचनों को पूर्ण करते हुए राज्य में धर्मान्तरण बंदी कानून लागू करना एवं राज्य नक्सलवाद मुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हिंदू जनजागृति समिति एवं गोरक्षकों के संयुक्त शिष्टमंडल द्वारा सम्मान किया गया।

इस दौरान हिंदू जनजागृति समिति एवं गोरक्षक शिष्टमंडल द्वारा मुख्यमंत्री को कई मांगों लेकर ज्ञापन भी सौंपा गया। शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री का अभिनंदन करते हुए कहा कि दशकों से राज्य को खोखला करने वाले नक्सलवाद की समाप्ति का कार्य ऐतिहासिक है। साथ ही राज्य में लव जिहाद और धर्मांतरण जैसी राष्ट्रविरोधी प्रवृत्तियों पर अंकुश लगाने के लिए लागू किए गए कानून का हिंदू समाज स्वागत करता है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भाजपा के उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने भी मुख्यमंत्री का सम्मान किया।



शिष्टमंडल में हिंदू जनजागृति समिति के महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ संगठक सुनील घनवट, मंदिर महासंघ के रायपुर संयोजक मदनमोहन उपाध्याय, हिंदू जनजागृति समिति के छत्तीसगढ़ समन्वयक हेमंत कानस्कर, आशीष परिडा, रोहित तिरंगा सहित अनेक हिंदुत्वनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### समाजसेवी सुनील और पादरी असीम का किया सम्मान



**रायपुर।** ईसाई समाज द्वारा सेंट पॉल्स कैथेड्रल में रविवार को पास्ट्रेट कोर्ट ने समाजसेवी सुनील शर्मा को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मान किया गया। यह सम्मान उन्हें हर वर्ष क्रिसमस पर निकलने वाली सर्वधर्म सद्भावना रैली में सहयोग के लिए दिया गया। वे एंबुलेंस की व्यवस्था करते हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर उसका उपयोग किया जा सके। इसी दौरान पादरी असीम प्रकाश विक्रम को भी सम्मानित किया गया। इसी प्रकार प्रतिवर्ष राजातालाब में खजूर रविवार (पाम संडे) के उपलक्ष्य में कौमी एकता के साथ जुलूस निकालने और सभी धर्मों में भाईचारे व एकता का संदेश देने के लिए सीमा डेविड और डिक्सन बैंजामिन का भी सम्मान किया गया। पास्ट्रेट कोर्ट ने चर्च कार्यालय के प्रभारी पीएसवी प्रसाद, स्टाफ राकेश गार्डिया, संदीप मसीह, गुलाब यादव, अमित एलियाजर, नवीता मसीह, सुजाता मसीह और कब्रिस्थान के केयर टेकर अतुल मसीह को भी उल्लेखनीय सेवाकार्य के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर पास्ट्रेट कोर्ट के अध्यक्ष जॉन राजेश पॉल, सचिव पर्सिस सामुएल, सदस्य अजय मसीह, चर्च सचिव रुचि धर्मराज, कोषाध्यक्ष किरण सिंग, पास्ट्रेट कमेटी मेंबर प्रवीण जेम्स समेत धर्मगुरु और कलीसिया के सदस्य शामिल हुए।

### करंट से मौत, होटल संचालक पर केस दर्ज

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने एक होटल संचालक के खिलाफ धारा 106,1 के तहत केस दर्ज किया है। बोरियाखुर्द स्थित कमल होटल में 2 नवंबर 2025 को शिवकुमार गोस्वामी की काम करने के दौरान बिजली करंट लगने से मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया था। जांच के बाद अब इस मामले में होटल संचालक पर केस दर्ज किया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, केस दर्ज

**रायपुर।** एक्सीडेंट में युवक की मौत मामले में टिकरापारा पुलिस ने कार चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। घटना 19 अप्रैल की रात साढ़े दस बजे फायर बिग्रेड गेट के सामने की है। अज्ञात कार चालक ने अरशद नामक युवक को बाइक से जाते समय टक्कर मार दी थी, जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस इस मामले में प्रार्थी शेख सईद की रिपोर्ट पर अज्ञात कार चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।

### शराब के नशे में युवक से मारपीट, 3 पर केस

**रायपुर।** फोकटपारा देवेंद्र नगर में एक शादी समारोह के दौरान शराब के नशे में धुत तीन युवकों ने बिना कारण से भीम सोनी निवासी शास्त्रीनगर फोकटपारा के साथ मारपीट की, जिससे उसे चोटें आई हैं। पुलिस ने इस मामले में आरोपी दुर्गेश निषाद एवं उसके अन्य दो साथियों के विरुद्ध धारा बीएनएसः 296, 115-2, 351-2, 3-5 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# गर्मी का असर... ट्रेनों के पहिए हो रहे अत्यधिक गर्म, मार्च में मिले दो मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी और भीषण गर्मी के कारण रेलवे के लिए ट्रेनों का सुरक्षित परिचालन चुनौतीपूर्ण कार्य बन गया है। तेज धूप और उच्च तापमान के कारण न केवल ट्रेनों के पहिए अत्यधिक गर्म हो रहे हैं, बल्कि उनकी गोलाई में भी तकनीकी खराबी (फ्लैट टायर) देखने को मिल रही है। मार्च से ही मालगाड़ियों के साथ-साथ यात्री ट्रेनों में भी यह समस्या सामने आ रही है। दरअसल, गर्मियों में पटरियां तेज धूप से अत्यधिक गर्म हो जाती हैं और जब इन पर से ट्रेनें तेज रफ्तार में गुजरती हैं, तो घर्षण के कारण पहिए और एक्सल भीषण रूप से गर्म हो जाते हैं। यदि सही समय पर इस तकनीकी खामी का पता न चले, तो यह किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की विशेष निगरानी टीमें कार्य कर रही हैं, जो विभिन्न जगहों पर लगातार पटरियों और ट्रेनों की सघन जांच कर रही हैं।

## गर्मी में ट्रेनों का सुरक्षित परिचालन बना चुनौती, 'हॉट एक्सल' और 'फ्लैट टायर' की बढ़ रही समस्या

### सही समय पर तकनीकी खामी का पता चल गया

हालिया मामलों पर गौर करें तो अकेले मार्च महीने में ही दो बार 'फ्लैट टायर' यानी पहिए की गोलाई खराब होने की तकनीकी समस्या सामने आई। इसके अलावा, दो मामले 'हॉट एक्सल' के मिले, जिनमें ट्रेनों के पहिए अत्यधिक गर्म हो गए थे। वहीं, दो अन्य मामलों में वैगन से धुआं निकलने की घटना भी दर्ज की गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इन सभी मामलों में रेल संरक्षा के सजग प्रहरियों ,रेलवे कर्मचारियों की मुस्तैदी के चलते सही समय पर तकनीकी खामी का पता चल गया और मौके पर ही इसे ठीक कर लिया गया, जिससे किसी भी प्रकार के बड़े हादसे को टाल दिया गया। सजगता और त्वरित कार्रवाई से संभावित दुर्घटनाओं को टालने वाले इन सतर्क कर्मचारियों को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश द्वारा उनके इस उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया है।

### केस 01

बिलासपुर रेल मंडल के यातायात सहायक भानूप्रताप सिंह ने 7 मार्च को माल गाड़ी से सिग्नल एक्सचेंज के दौरान पाया कि गाड़ी में इंजन से 11वें वैगन से असामान्य आवाज आ रही है। इन्होने तुरंत स्टेशन मास्टर, चांपा को सूचित किया।

### केस 02

बिलासपुर रेल मंडल के यातायात सहायक बी. जगदीश राव ने 14 मार्च को माल गाड़ी के चौथे वैगन से असामान्य आवाज आ रही है। इन्होने तुरंत स्टेशन मास्टर को सूचित किया जिसके उपरांत निरीक्षण करने पर उक्त वैगन में फ्लैट टायर पाया गया।

### केस 03

बिलासपुर रेल मण्डल के वरिष्ठ सहायक लोको पायलट/ कोरबा पवन कुमार कर्ष ने 23 मार्च को माल गाड़ी में कार्य के दौरान एक दूसरी माल गाड़ी के साथ सिग्नल आदान-प्रदान करते समय देखा कि गाड़ी में इंजन से 15वें वैगन में हॉट एक्सल है।

### केस 04

*रायपुर रेल मंडल के ट्रैक मेंटेनर-III/ भाटापारा शेखूराम ने 12 मार्च को एक गाड़ी में "हॉट एक्सल" देखा। इसी तरह रायपुर रेल मंडल के टेकनीशियन-I / भाटापारा महेश कुमार श्रीवास ने 11 मार्च को भाटापारा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर ओएचई मास्ट संख्या-764/30 के पास स्थित इलेक्ट्रिक फ्यूज बॉक्स में अचानक धुआं उठते देखा, जो देखते ही देखते आग में परिवर्तित हो गया।*

## भक्त कर्मा वार्ड, डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड के रहवासियों ने किया प्रदर्शन

# चंगोराभाठा, न्यू चंगोराभाठा सहित रहवासी इलाकों में पानी की किल्लत, हुंकार रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास बातें**

- पार्षद ममता-सोनू तिवारी के नेतृत्व में रैली



मंगलवार को राजधानी के चंगोराभाठा और न्यू चंगोराभाठा क्षेत्र सहित आसपास के रहवासी इलाकों की महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने पानी की समस्या को लेकर हुंकार रैली निकाली। रैली में भक्त कर्मा माता वार्ड और डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड के रहवासी शामिल हुए। सड़क पर उतरे लोगों का कहना है चंगोराभाठा के 32 लाख किलोलीटर की पानी टंकी का 50 फीसदी पानी रायपुरा भेजा जा रहा है, जबकि रायपुरा में पहले से 25 लाख किलोलीटर क्षमता की पानी टंकी मौजूद है। इससे भीषण गर्मी में वार्ड वासियों को पीने के पानी के लिए बड़ी परेशानी हो रही है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

हुंकार रैली का नेतृत्व भक्त कर्मा माता वार्ड वार्ड पार्षद ममता-सोनू तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि पानी की समस्या को लेकर वार्डवासियों को हो रही परेशानी के संबंध में महापौर मीनल चौबे को अवगत कराया था। डेढ़ माह पूर्व उन्होंने स्थल पर पहुंचकर जोन के अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि भक्त कर्मा माता और डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड के हिस्से का पानी रायपुरा ना भेजा जाए इसके लिए चंगोराभाठा पानी टंकी से रायपुरा का कनेक्शन अलग करने हिदायत दी। पर महापौर के इस निर्देश पर निगम के अधिकारियों ने अब तक ध्यान नहीं दिया। इससे रोज पानी के लिए सुबह-शाम टैंकर की बाट जोहना पड़ रहा है। आखिर कब तक पानी की समस्या से जूझते रहेंगे। इसीलिए हुंकार रैली के माध्यम से निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया है।

रैली, प्रदर्शन में शामिल डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड पार्षद दुर्गा यादराम साहू ने जल संकट की अनदेखी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि एक तरफ जहां वार्ड में बोरवेल का भूजल स्तर गिरावट होने से बोरवेल सूखने लगे हैं, वहीं चंगोराभाठा में पानी टंकी होने के बाद भी वार्ड वाासियों को पीने के पानी के लिए टैंकर का इंतजार करना पड़ रहा है। चंगोरा पानी टंकी का पानी दूसरे जगह भेजने से तत्काल रोका जाए। रैली में हमें वादा नहीं पानी चाहिए के बैनर पोस्टर लेकर प्रभावित इलाके के रहवासियों ने जमकर प्रदर्शन किया।

विदित हो कि चंगोराभाठा क्षेत्र में पेयजल संकट को लेकर दो दिन पहले कांग्रेस पार्टी ने बड़ा प्रदर्शन किया था। इसके बाद भी पानी की समस्या दूर नहीं हुई।

### करन नगर चंगोराभाठा पहुंचे नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी, जनता से किया संवाद

चंगोरा भाठा सहित आसपास के इलाकों में पानी की किल्लत से जूझ रहे लोगों के बीच उनकी समस्या जानने नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी मंगलवार को करण नगर चंगोराभाठा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जनता से सीधा संवाद किया। यही नहीं जोन 5 के जल विभाग के इंजीनियर को मौके पर बुलाकर समस्या से अवगत कराया तथा



वैकल्पिक रूप से टैंकरों की व्यवस्था करने निर्देश दिए। स्थानीय निवासियों ने नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी को बताया कि पिछले एक माह से इस पूरे क्षेत्र में पीने के पानी की विकराल समस्या हो रही है महापौर विधायक को भी इस समस्या से अवगत कराया पर समस्या अब भी बनी हुई है। आकाश तिवारी ने आरोप लगाया कि ट्रिपल इंजन की सरकार जनता को पेयजल मुहैया कराने में विफल साबित हो रही है। यही वजह है स्थानीय पार्षद द्वारा पानी की समस्या को लेकर सड़क पर उतरना पड़ रहा है। इस मौके पर निशा शर्मा,नम यादव,प्रीति सारथी, सिद्धि ठाकुर,कुमारी देवांगन, वर्षा गुप्ता रेखा वैष्णव, रैना देवी शर्मा, संगीता गंगवार, प्रवीण अवधिया, विनोद सिंह ठाकुर, सुनील ध्रुव, विनोद चौहान, प्रतीक तिवारी, शिव यादव, वर्षा कुमारी सहित बड़ी संख्या में प्रभावित इलाके के रहवासी उपस्थित रहे।

# गांधीगिरी... प्रदेश के 6800 स्कूल भेजेंगे गुलाब, लिखेंगे 'प्रेम-पत्र'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक मार्च से असहयोग आंदोलन कर रहे निजी स्कूलों ने अब गांधीगिरी की राह चुन ली है। प्रदेशभर में संचालित 6800 निजी स्कूलों ने तय किया है कि वे सभी जिलों और उनके संभागों में शासन के प्रतिनिधियों को गुलाब भेजेंगे और प्रेम-पत्र लिखेंगे। प्रेमपूर्वक लिखे गए इस पत्र में वे अपनी समस्याएं शासन प्रतिनिधियों को गिनाएंगे। गौरतलब है, प्रदेश के निजी स्कूल आरटीई के अंतर्गत अध्ययनरत गरीब छात्रों की फीस में वृद्धि की मांग कर रहे हैं। 2012 में आरटीई अधिनियम लागू होने पश्चात अब तक फीस की राशि में कोई वृद्धि नहीं की गई है। निजी विद्यालय 2016 से इसमें वृद्धि की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा निजी स्कूल संघ ने स्कूल शिक्षा विभाग से शासकीय स्कूलों में प्रति छात्र खर्च होने वाली राशि की जानकारी भी सार्वजनिक करने की मांग की है ताकि इसके आधार पर निजी स्कूलों को मिलने वाली प्रतिपूर्ति राशि का निर्धारण हो सके।

### बंद कर चुके हैं स्कूल

इस कड़ी में प्रदेश के समस्त स्कूल 1 मार्च से असहयोग आंदोलन कर रहें है। 4 अप्रैल को छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने निर्णय लिया था कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लाटरी के माध्यम से आबंटित वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षक के अधिकार कानून (आरटीई) तहत प्रवेश नहीं दिया जाएगा। 17 अप्रैल को स्कूल संचालकों एवं शिक्षकों ने विरोधस्वरूप काली पट्टी लगाकर कार्य किया था एवं 18 अप्रैल को स्कूलों ने बंद रखा था। असहयोग आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए 21 अप्रैल को प्रदेश कार्यकारणी की बैठक में निर्णय लिया गया है कि 23 अप्रैल को प्रदेश के समस्त स्कूल संचालक अपने स्कूल के लेटर पैड पर स्कूल शिक्षा मंत्री और शासन के प्रतिनिधियों को अपनी मांगों को पूर्ण करने के लिए पत्र लिखेंगे। 24 अप्रैल को विभिन्न जिला संगठन के पदाधिकारी तथा समस्त स्कूल संचालक जनप्रतिनिधियों से मिलकर गुलाब भेंट करेंगे और अपनी मांग से उन्हें अवगत कराएंगे।

### अब जोड़ेंगे नई मांग

निजी स्कूल संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजीव गुप्ता के अनुसार, अब वे नई मांग भी इसमें जोड़ेंगे। अब तक केवल आरटीई राशि बढ़ाने की ही मांग उनके द्वारा की जा रही थी, लेकिन अब वे पहली के साथ-साथ नर्सरी, पीपी-1 और पीपी-2 में भी बच्चों को प्रवेश देने की मांग करेंगे। शासन द्वारा आरटीई नियमों में वर्तमान सत्र से बदलाव किया गया है। नए नियमों के अनुसार, वर्तमान सत्र से केवल पहली कक्षा में ही निजी स्कूलों में छात्र दाखिला प्राप्त कर सकेंगे। प्री-प्रायमरी कक्षाओं में प्रवेश बंद कर दिया गया है।



# पॉवर कंपनी अनुसंधान के लिए एनआईटी रायपुर को देगी एक करोड़

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत नवीन पहल करते हुए रिसर्च एवं डेवलपमेंट के क्षेत्र में एक बड़ी राशि अनुग्रहित करने का फैसला किया गया। एनआईटी रायपुर द्वारा प्रस्तावित ग्रिड अनुसंधान केन्द्र के लिए सहायता राशि की मांग की गई थी। इसे कंपनी प्रबंधन ने सीएसआर फंड से इस कार्य के लिए स्वीकृति दी। पॉवर कंपनी के अध्यक्ष ट्रांसमिशन (आईएएस) सुबोध सिंह एवं डिस्ट्रीब्यूशन एवं जनरेशन कंपनी के अध्यक्ष (आईएएस) डॉ. रोहित यादव की अनुशंसा पर इस परियोजना के लिए प्रारंभिक राशि प्रदान की गई। प्रबंध निदेशक ट्रांसमिशन आरके शुक्ला द्वारा एनआईटी के डॉयरेक्टर एनवी रामनाराव को स्वीकृति एवं आवंटन पत्र प्रदान किया गया। इस कार्य के लिए ट्रांसमिशन कंपनी ने एक करोड़ रुपए सीएसआर मद से एनआईटी रायपुर को देने का फैसला किया।

श्री शुक्ला ने बताया कि सीएसपीटीसीएल द्वारा सामुदायिक विकास गतिविधियों में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं, परंतु यह पहला अवसर है कि आरएनडी (रिर्सच एवं डवल्पमेंट) के क्षेत्र में कंपनी अपना आर्थिक सहायता देगी। यह सेंटर राज्य स्तरीय का पहला केन्द्र होगा जो छत्तीसगढ़ में विद्युत क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रिकल टेस्टिंग, कौशल विकास, परीक्षण एवं अनुसंधान के लिए होगा। इस परियोजना से राज्य में एक स्थाई तकनीकी संरचना का निर्माण होगा, जिससे ना केवल सीएसपीटीसीएल अन्यथा कई संबध्द उद्योग एवं सुक्ष्म-लघु उद्योग और शैक्षणिक संस्थाओं को भी लाभ मिलेगा तथा छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार का अवसर भी मिलेगा।

# कैट की राष्ट्रीय टीम ने मधु अरोरा को किया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोराको कैट की राष्ट्रीय टीम ने सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें नेशनल को आर्डिनेटर के रूप में दिया गया। महिला विंग के प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोरा ने बताया कि 17 एवं 18 अप्रैल को नई दिल्ली स्थित हिंदी भवन में राष्ट्रीय महिला विंग का दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम कैट ने राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भारतिया एवं कैट के राष्ट्रीय महासचिव एवं चांदनी चौक नई दिल्ली के सांसद प्रवीण खंडेलवाल जी के मार्गदर्शन में रखा गया। इस कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर भी महत्वपूर्ण विचार साझा किए। देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए वक्ताओं ने महिलाओं के उत्साह, सहभागिता एवं सशक्तिकरण पर अपने प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए। मधु अरोरा ने कहा, कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. भरतिया, महासचिव प्रवीण खंडेलवाल का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। इसके साथ ही, राष्ट्रीय महिला विंग की अध्यक्ष संगीता पाटिल और कैट परिवार के सभी सदस्यों के प्रति आभारी हूं।सौभाग्य की बात है कि हमारे छत्तीसगढ़ से मुझे और निहारिका त्रिपाठी बिलासपुर का नाम सम्मिलित किया गया। दोनों को राष्ट्रीय पदाधिकारी नियुक्त किया जाना गौरव की बात है।

# रायपुर में जल्द बिछेगी नेचुरल गैस पाइप लाइन, हरियाणा की कंपनी अधिकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पाइप लाइन डालने से पहले निगम से एनओसी लेनी होगी, शुल्क जमा कराना होगा
- निगम आयुक्त ने एजेंसी के प्रतिनिधि की उपस्थिति में सभी जोन कमिश्नरों की बैठक ली



राजधानी रायपुर में नेचुरल गैस पाइप लाइन डालने का कार्य जल्द शुरू होगा। इसके लिए हरियाणा सिटी गैस कंपनी को पेट्रोलियम मंत्रालय ने अधिकृत किया है। वर्तमान में यह कार्य योजना शहर में प्रारंभिक दौर में है। संबंधित एजेंसी को शहर में गैस पाइप लाइन डालने से पहले नियम अनुसार नगर निगम से एनओसी लेनी होगी, साथ ही निर्धारित दर अनुसार शुल्क भी जमा करना होगा, ताकि इस कार्य से नागरिकों को शहर में प्राकृतिक गैस लाइन की सुविधा केंद्र सरकार की मंशा के अनुरूप जल्द मिले। इस दौरान किसी भी नागरिक को कोई असुविधा न होने पाए। मंगलवार को निगम आयुक्त विश्वदीप ने इसी सिलसिले में गांधी सदन के सभागार में हरियाणा सिटी एजेंसी के प्रतिनिधि राकेश रंजन और दस जोन के जोन कमिश्नरों के साथ बैठक की।

निगम आयुक्त विश्वदीप ने हरियाणा सिटी गैस एजेंसी के प्रतिनिधि को निर्देशित किया है कि वह निगम के संबंधित जोनों के जल और नगर निवेश विभाग के जोन अधिकारियों से तालमेल रखकर शहर में गैस पाइप लाइन डालने का कार्य करे। उन्होंने ये भी कहा कि पेयजल पाइप लाइन किसी भी हालत में क्षतिग्रस्त नहीं होना चाहिए, साथ ही शहर में गैस पाइप लाइन बिछाने के दौरान खोदी गई सड़कों को तत्काल मरम्मत किया जाना चाहिए, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक के दौरान नगर निगम आयुक्त ने सभी अभियंताओं को निर्देशित किया कि नेचुरल गैस पाइप लाइन डालने के कार्य दौरान शहर गर्मी के मौसम में नागरिकों असुविधा न हो यह ध्यान रखें।

बैठक में अपर आयुक्त पंकज शर्मा, दस जोन के जोन कमिश्नर, नगर निवेश विभाग के कार्यपालन अभियंता आशुतोष सिंह, सहायक अभियंता नितीश झा, उप अभियंता नगर निवेश रविप्रभात साहू, हरियाणा सिटी गैस एजेंसी के प्रतिनिधि राकेश रंजन एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### 'पिता छांव वट-वृक्ष की' के तीसरे संस्करण का विमोचन कल

**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 23 अप्रैल को कवि राजेश जैन 'राही' की प्रथम पुस्तक 'पिता छांव वट-वृक्ष की' के तीसरे संस्करण का विमोचन किया जाएगा। कार्यक्रम में शहर की विविध सामाजिक, सांस्कृतिक संस्थाओं एवं विभूतियों का सम्मान भी प्रस्तावित है। यह कार्यक्रम शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि प्रस्तुत संस्करण में पिता पर लिखे गए 401 दोहे हैं। पुस्तक प्रतिष्ठित श्वेतवर्णा प्रकाशन दिल्ली द्वारा प्रकाशित हुई है। पुस्तक का प्रथम संस्करण ही गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल है।

**टैक्सी चाहिए**

रायपुर शहर से आरंग में रात्रि कालीन पेपर पार्सल ले जाने हेतु आटो/ई-रिक्सा, की आवश्यकता है।

इच्छुक व्यक्ति टैक्सी की संपूर्ण कागजात के साथ प्रसार विभाग में संपर्क करें।

समय : 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक

हरिभूमि
कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

## अवमानना के केस में घिर गए थे अफसर

# वन विभाग के दैनिक वेतन भोगी नियमित नौकरी के लिए सुप्रीम कोर्ट तक लड़े, आदेश के पालन में देर पर हुई खिंचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में वन विभाग के दो दैनिक वेतन भोगियों ने नियमित नौकरी के लिए करीब 29 साल लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी, वे श्रम न्यायालय से लेकर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक गए। सुप्रीम कोर्ट से उनके पक्ष में फैसला होने के बाद भी संबंधित अधिकारियों ने उसका पालन नहीं किया, तो अवमानना का मामला चला। आखिरकार विभाग को आदेश का पालन करना पड़ा। अब इन कर्मियों को नियमित करने की प्रक्रिया चल रही है।

यह मामला इसरार अहमद खान और मोहम्मद हनीफ का है, जो वन विभाग में दैनिक वेतन भोगी के रूप में क्रमशः 1990 और 1993 में काम पर लगे थे। बाद में इन्होंने नियमित करने की मांग रखी और श्रम न्यायालय में गए। वहां इन फैसला इनके पक्ष में आया, लेकिन इसके बाद वन विभाग अपील में हाईकोर्ट गया। वहां सिंगल बेंच-डबल बेंच का फैसला कर्मियों के खिलाफ आया, लेकिन कर्मियों की कानूनी लड़ाई नहीं रुकी। ये दोनों सुप्रीम कोर्ट गए। वहां से इनके पक्ष में फैसला आ गया और दोनों को तीन माह में नियमित करने का आदेश जारी हुआ। विभाग ने समय सीमा के भीतर इस फैसले का पालन नहीं किया, तो इन कर्मियों ने फिर सुप्रीम कोर्ट में अवमानना की याचिका लगाई। इस याचिका की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों लघु वनोपज संघ के एमडी अनिल साहू और विभाग की एसीएस को प्रतिवादी के रूप में प्रतिस्थापित किया।

इन अधिकारियों को कोर्ट का आदेश पालन करने के लिए जिम्मेदार माना। इस पूरे मामले में सुप्रीम अदालत के सख्त रुख के बाद अब विभाग अदालत के फैसले के अनुपालन के लिए तैयार हुआ है। यानी दोनों कर्मियों को नियमित करने पर सहमति दी है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी कहा है, अदालत के आदेश का पालन किया जा रहा है। इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया में पूर्व वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा- न्यायालय के आदेश पर कोई भी टिप्पणी करना उचित नहीं है, लेकिन अनिल साहू के विरुद्ध कंटेम्प्ट का कोई मामला न्यायालय में चला हो, तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन

**चार धाम यात्रा**

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव

अन्य दर्शनः-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता

07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026

राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)

Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 22 अप्रैल 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937


02



स्टूडेंट्स के कॅरियर के लिए टर्निंग....

## एजुकेशन अलर्ट

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**रायपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सुकमा अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पात्र महिला अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह भर्ती प्रक्रिया जिले के विभिन्न ग्रामों में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए की जा रही है। इस भर्ती के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद ग्राम उरसांगल (उरसांगल-02), चिमलीपेन्टा (तुमलपाड), तारलागुडा (बैनपल्ली), किस्टाराम (मंगलगुड़ा एवं बेदेपाड़-02) तथा करीगुण्डम (पालोड़ी) केंद्रों में रिक्त हैं। वहीं आंगनबाड़ी सहायिका के पद ग्राम ताडमेटला (ताडमेटला-02), सिलगेर (सिलगेर-02), भेज्जी (ओन्देरपारा), करीगुण्डम (फेसलपाड़), गोलापल्ली (तुमाबंगू), पेंटापाड़ (एन्टापाड़-01) तथा टेटराई (कसलपाड़) केंद्रों में रिक्त हैं। इच्छुक एवं पात्र महिला उम्मीदवार दिनांक 17 अप्रैल 2026 से 02 मई 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से https://aww.e-bharti.in पर आवेदन कर सकती हैं। आवेदन केवल निर्धारित ई-भर्ती आंगनबाड़ी पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु अभ्यर्थी जिला महिला एवं बाल विकास कार्यालय अथवा संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।





### मंडी बोर्ड उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 अप्रैल को

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आगामी 26 अप्रैल 2026 को छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा राज्य के 16 जिलों में आयोजित की जा रही है। जिसमें लगभग 2 लाख 47 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। जिसमें प्रदेश के 33 जिलों के अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित परीक्षार्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केंद्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन करें, ताकि परीक्षा दिवस पर किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे उनकी फ्रिस्किंग एवं फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र के माध्यम से सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूर्ण की जा सके। परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक है। परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार सुबह 9.30 बजे बंद कर दिए जाएंगे, जिसके पश्चात किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

● गर्मी में श्वान को बीमारियों से बचाने पशु चिकित्सकों की ले रहे मदद, गर्मी से बचाने स्पेशल डाइट

# पेट्स को हीट स्ट्रोक से बचाने गार्डन में बना रहे हाउस गर्मी में कम हुई खुराक, प्रोटीन डाइट की डिमांड तेज

"गर्मी का असर जितना इंसानों पर होता है, उससे अधिक जानवरों पर भी होता है। इस वजह से बारिश और ठंड की तुलना में गर्मी के समय पेट्स को देखरेख की जरूरत अधिक पड़ती है। गर्मी में अपने श्वान को स्वस्थ रखने के लिए इन दिनों लोग शहर के पशु चिकित्सक के पास पहुंच रहे हैं। डॉ. एस. जैन ने बताया कि गर्मी में श्वान और कैट में हीट स्ट्रोक की समस्या बढ़ जाती है। दोनों के शरीर का सामान्य तापमान 101 से 105 डिग्री तक होता है।

**रायपुर।** अधिक गर्मी में यह तापमान 120 डिग्री तक पहुंच जाने से हीट स्ट्रोक के लक्षण दिखने लगते हैं। बुलडॉग, बोस्टन टेरियर, हस्की और जर्मन शेफर्ड, लेब्राडोर के तापमान को सामान्य बनाए रखने के लिए एसी में 26 से 24 डिग्री में रखा जा सकता है। अगर एसी नहीं है तो घर में कूलर का उपयोग किया जा सकता है। श्वान के लिए घर के भीतर का तापमान 25 से 28 डिग्री के बीच होना ही चाहिए। अधिक गर्मी से श्वान में भी चिड़चिड़ापन देखने को मिलता है। बड़े डॉग लोगों पर हमला भी कर देते हैं।





### गर्मी में कम हो जाती है खुराक

गर्मी के मौसम में पालतू कुत्तों और बिल्लियों के तापमान को सामान्य बनाए रखने के लिए अब लोग उनके बाल छोटे करा रहे हैं, ताकि गर्मी कम लगे। पशु चिकित्सक भी जर्मन शेफर्ड, हस्की समेत साइबेरिया कैट्स के बाल छोटे कराने की सलाह दे रहे हैं। शहर के प्राइवेट पशु चिकित्सालयों में बाल कटाने के लिए इन दिनों बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। पेट्स शॉप के राजेश त्रिपाठी ने बताया, गर्मियों में डॉग सामान्य दिनों की अपेक्षा कम खाता है, इसलिए बाजार में प्रोटीन डाइट उपलब्ध हैं, जो गर्मी में संतुलित आहार के रूप में काम करते हैं।

### गार्डन में बना रहे पेट्स हाउस

शहर के कई लोगों ने गार्डन में पेट्स हाउस बनाया हुआ है, जिसमें बुलडॉग और जर्मन शेफर्ड को रखा जा रहा है। घास में यह हाउस तैयार किया जाता है, ताकि यहां आराम करने पर पेट्स को ठंडक का एहसास हो। इसके अलावा अब लोग सुबह 6 बजे पेट्स को टहलाने लगे हैं, वहीं शाम को समय बदल दिया है। ज्यादातर लोग अब रात को 9 बजे के बाद अपने पेट्स को बाहर टहलाने लेकर जा रहे हैं। शाम के वक्त भी पेट्स के पंजे जलने का खतरा हो सकता है।





### पेट्स को नहलाने पैडलिंग पूल

पशु चिकित्सकों के अनुसार गर्मी के मौसम में पेट्स को रोजाना नहलाया जा सकता है, लेकिन प्रतिदिन शैंपू के उपयोग से बचना चाहिए। बाजार में पेट्स के शरीर को ठंडा रखने के लिए पैडलिंग पूल खरीद रहे हैं। इसका आमतौर पर उपयोग बच्चों को नहलाने के लिए किया जाता है, लेकिन गर्मी में ज्यादातर पेट्स ठंडे पानी में रहना पसंद करते हैं। इस वजह से लोग अब 1200 से 2 हजार तक पैडलिंग पूल खरीद रहे हैं। छोटे व बड़े पेट्स के लिए बाजार में पैडलिंग पूल उपलब्ध हैं।

### हर दिन तापमान की करें जांच

गर्मी के मौसम में पेट्स को हीट स्ट्रोक का खतरा अधिक होता है, इसलिए डॉक्टर रोज पेट्स का तापमान जांचने की सलाह दे रहे हैं। इसके अलावा भारी हांफना, चमकती आंखें, दिल की तेज धड़कन, सांस लेने में कठिनाई, अत्यधिक प्यास, सुस्ती, बुखार, चक्कर आना यह सभी हीट स्ट्रोक के लक्षण हैं। डॉक्टर्स का कहना है कि तापमान को सामान्य करने के लिए गीले, ठंडे तौलिए का प्रयोग किया जा सकता है।

## सिटी लाइव

# अत्याधुनिक तकनीकों से सीखने कौशल विकास का जाना महत्व



**रायपुर।** एनआईटी में ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम फाउंडेशन्स एंड एप्लिकेशन्स ऑफ डीप लर्निंग एंड डेटा साइंसेस का आयोजन किया गया है। इस एक सप्ताह चलने वाले प्रोग्राम का संस्थान के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 20 से 24 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. रामबिलास पचौरी, इंस्टिट्यूट चेयर प्रोफेसर एवं प्रोफेसर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी इंदौर रहे। अपने संबोधन में उन्होंने डीप लर्निंग और डेटा साइंस के विभिन्न अंतर्विषयक क्षेत्रों में बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डाला व प्रतिभागियों को उभरती शोध चुनौतियों और वास्तविक जीवन के अनुप्रयोगों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि प्रो. एनवी रमना राव निदेशक एनआईटी ने अत्याधुनिक तकनीकों में निरंतर सीखने और कौशल विकास के महत्व पर जोर दिया। संस्थान के रजिस्ट्रार डॉ. नरेंद्र डी. लोंढे ने भी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए इस महत्वपूर्ण पहल की सराहना की। इस सत्र में कंटीन्यूइंग एजुकेशन सेल के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुभोजित घोष तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख प्रो. सुधाकर पाण्डे भी उपस्थित रहे, जिन्होंने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. राजेश डोरिया, डॉ. ज्ञानेंद्र वर्मा और डॉ. रेखराम जंघेल द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्यों और संरचना की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को डीप लर्निंग तकनीकों और डेटा साइंस की कार्यप्रणालियों की व्यापक समझ प्रदान करना है, साथ ही उनके विभिन्न क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुप्रयोगों से अवगत कराना है। इस एफडीपी में देशभर से फैकल्टी सदस्य, शोधकर्ता और उद्योग विशेषज्ञ उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

एनआईटी में सात दिवसीय ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम फाउंडेशन्स एंड एप्लिकेशन्स का आयोजन

### देश-विदेश से भाग ले रहे विशेषज्ञ

इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों और उद्योग से जुड़े विशेषज्ञ वक्ताओं की एक प्रभावशाली श्रृंखला शामिल है, जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. रामबिलास पचौरी, डॉ. हिमांशु बक्चाश ऑस्ट्रिया, डॉ. गणेश कुमार मलेशिया, डॉ. सुभोजीत घोष, डॉ. एस. श्रीदेवी, डॉ. सुवेंदू रूप, डॉ. बादल सोनी, डॉ. राजेश डोरिया, डॉ. रेखराम जांगेल, डॉ. ज्ञानेंद्र वर्मा, डॉ. प्रतिष्ठा वर्मा, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. प्रशांत अपराजेय आदि शामिल हुए।

# इतिहास के पन्नों से जीवंत हुई वीरांगनाएं, नृत्य व संगीत से उनके संघर्ष और बलिदानों की प्रस्तुति

**रायपुर।** रानी चेन्नम्मा, दुर्गावती, तारा देवी, रानी लक्ष्मीबाई सहित देश की वीरांगनाओं के स्वतत्रंता संग्राम और शहादत की कहानियों के जीवंत मंचन देख पूरा सभागार भारत माता की जय ने नारों से गूंज उठा। इस दौरान वीरांगना नृत्य में महिलाओं की शौर्य गाथा की शानदार प्रस्तुति दी गई। छत्तीसगढ़ की अग्रणी महिला संस्था स्वयंसिद्धा के 16वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम ने दर्शकों को इतिहास के स्वर्णिम पलों में ले जाकर खड़ा कर दिया। एसएनजी सेक्टर 4 के ऑडिटोरियम में आयोजित इस विशेष आयोजन में देशभक्ति, नारी शक्ति और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अद्भुत संगम देखने को मिला।



**भाषा की मर्यादा बनाए रखने का अभियान जरूरी:** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने संस्था द्वारा अपमान जनक गालियों को रोकने के प्रति कार्यों की सराहना करते हुए भाषा की मर्यादा बनाए रखने के अभियान को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भाषा की शुद्धता और गरिमा बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर जितेंद्र शर्मा, प्रदीप भट्टाचार्य, बीएसपी के वरिष्ठ महाप्रबंधक उत्पल दत्त, भिलाई महापौर नीरज पाल, सीजू एंथोनी और डॉ. श्रुतिका यादव उपस्थित रहे।

### बेटी के नाम से जानी जाएगी मां, किया गया सम्मान

इस अवसर पर अब बेटी के नाम से जानी जाएगी मां सम्मान के अंतर्गत डॉ. राजर्षि मिश्रा, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी, लोक कलाकार जोशी बहनें, रीना दाम और अमरजीत कौर को सम्मानित किया गया। वहीं सावित्री जायसवाल, राजिया बेगम, तस्लीम बी और हेलन धर को भी विशेष रूप से सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही इंजीनियर्स एसोसिएशन, माइलस्टोन, प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, फाउंडेशन प्ले स्कूल, स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय, दुर्ग ट्रैफिक पुलिस, नारी समन्वय मंच सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन देबजानी मजूंमदार और माधुरी बिजोरिया और आभार व्यक्त संदीप चक्रवर्ती ने किया।

# दिव्यांग स्कूल में कूलर-पंखे का दान बच्चों के चेहरे पर बिखरी मुस्कान

**रायपुर।** शहर के महेश महिला संगठन सभा द्वारा अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल न्यू राजेंद्र नगर में कूलर, पंखे दान स्वरूप भेंट गया गया। यह महिला सभा के समर प्रोजेक्ट के तहत गर्मी में सेवा भाव से प्रेरित है। महेश महिला संगठन सभा की अध्यक्ष अध्यक्ष पिंकी झंवर और सचिव ओजस्विता राठी ने बताया कि अक्षय तृतीया के अवसर पर अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के बच्चों व शिक्षकों से स्नेह भेंट कर गर्मी से राहत के लिए एक छोटा सा सहयोग किया गया। इसमें महिला सभा के सदस्यों में मुरली सोनी ने कूलर और मुरली गिलड़ा, संतोष मोहता, कुसुम झंवर ने क्रमशः फैन दान किया। बैशाख का पौधन महीना आया है, सेवा, दान और पुण्य का संदेश लाया है के थीम पर शहर में गर्मियों से राहत देने स्कूल, वृद्धाश्रम व सर्वजनिक भवनों में जरूरतमंदों को पंखा और कूलर सेवा के माध्यम से दान कर उन्हें तपती गर्मी में ठंडी राहत देने का प्रयास किया जा रहा।



### इस अवसर पर यह रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम में अध्यक्ष पिंकी झंवर, पूजा करवा, कुसुम झंवर, किरण झंवर, मंजू सोमानी, आशा सोमानी, मीनाक्षी सारडा, बीना मुछाल, शानू लखोटिया और प्रचार प्रसार प्रभारी बीना सोमानी उपस्थित रहे। संगठन को हमेशा ही आप सबसे भरपूर सहयोग मिला है, लेकिन इस बार के समर प्रोजेक्ट के लिए हमें समय से पहले ही इतना पॉजिटिव और शानदार रेस्पॉन्स देखने मिल रहा है। इससे सेवा भाव से सदस्य काफी उत्साहित हो रहे हैं।

## मां अनुसूया महाराष्ट्र मंडल ने समाजिक एकता का दिया संदेश

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** मां अनुसुया महाराष्ट्र मंडल द्वारा चैत्र गौरी का कार्यक्रम रामनगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सविता देशमुख और अंजली पुन्नम का हल्दी-कुमकुम और सुहाग की सामग्री देकर स्वागत और सम्मान किया गया। अपने संबोधन में डॉ. सविता देशमुख ने कहा कि हमारी पहचान हमसे नहीं, हमारे कार्यों से होती है। कोई भी कार्य छोटा नहीं होता। हमें हमेशा सक्रिय रहना चाहिए। अंजली पुन्नम ने मंडल की सदस्यों का मराठी परंपरागत वेशभूषा में कैटवॉक कर अपनी कला का प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि भिलाई में मिनी महाराष्ट्र की झलक दिखाई दी।

# गौरी उत्सव में दिखी महिला सशक्तिकरण की झलक, पारंपरिक ड्रेस में किया कैटवॉक



### 10 से 40 का सफर-एकता का संदेश

मंडल की अध्यक्ष नंदा शेगोकर ने बताया कि 15 सितंबर 2025 को 10 सदस्यों के साथ ग्रुप की स्थापना की गई थी। आज यह संख्या 40 तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि मंडल एकता और अखंडता का संदेश आगे बढ़ा रहा है। महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और समान अधिकार के लिए सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा आज की महिलाओं को अंतरिक्ष, विज्ञान, खेल, राजनीति और व्यापार के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना जैसी सरकारी योजनाओं की ओर ध्यान देना जरूरी है।

### कैटवॉक में दिखा उत्साह

कार्यक्रम में आयोजित पारंपरिक कैटवॉक में प्रथम भारती उज्जवने, माला बुलबुले द्वितीय और दीपा हुले तृतीय स्थान पर रहीं। सांत्वना पुरस्कार प्रवली दडवे और रेणुका तांबेकर को मिला। कार्यक्रम में वनश्री, रेखा, संगीता, खुशी, मीना, ज्योति नागपुरे, पल्लवी, शोभा, भारती, पुनम, निलीमा, ज्योति सोनोने, सुरेखा, प्रतिभा भरणे, अर्चना नखाते, अर्चना, ममता, कविता, दर्शना, चित्रा, नीता, ग्रिष्मा, राजश्री, सरोज साकोरे और क्रांती जेवने उपस्थित रही।

### पूजा में मौसमी फलों का भोग

चैत्र गौरी पूजा मार्च व अप्रैल महिने में होती है। इस अवसर पर मौसमी फल आम, खरबूजा, चना, बताशा और आम के पन्ने का भोग लगाया जाता है। मंडल की सचिव मन्दा कामिनकर ने कहा कि भारत की नारी की अपनी सांस्कृतिक पहचान है। उन्होंने भारत की पहली महिला डॉक्टर आनंदीबाई गोपाल राव जोशी का उदाहरण देते हुए कहा कि जब आनंदीबाई विदेश में डॉक्टरी पढ़ने गईं तो उन्होंने अंग्रेज महिलाओं को जमीन पर बैठकर हाथ से भोजन करने तक सभी भारतीय परंपराओं से अवगत कराया। उन्होंने विदेश में भी महिला सदस्यों को संगठित कर भारत के लिए मिसाल कायम की। घर-परिवार हो या समाज, सबको जोड़ने की आवश्यकता है।



**समाज लाइव**

## सामूहिक विवाह में 51 जोड़े लेंगे फेरे, 3 मई को आयोजन




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा 3 मई को वीआईपी चौक स्थित श्रीराम मंदिर के वाल्मिकी हॉल में निःशुल्क सामूहिक कन्या विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा।

इस आयोजन में 51 जोड़े फेरे लेंगे। समारोह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के मुख्य आतिथ्य में होगा। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल, प्रांतीय महामंत्री संजय अग्रवाल ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में इस बात की जानकारी दी। पत्रकारों से चर्चा करते हुए पदाधिकारी द्वय ने बताया कि सामाजिक समरसता के प्रतीक इस आयोजन में विभिन्न समाज की 51 कन्याओं का विवाह पूरे विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ कराया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक शोभा केडिया, गुंजा सुलतानिया ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का विवाह कराना और उन्हें सहयोग प्रदान करना है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा 3 मई को आयोजित होने वाले भव्य निःशुल्क सामूहिक कन्या विवाह समारोह में विवाह से संबंधित सभी आवश्यक सामग्री संस्था द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम को सुचारू और सुव्यवस्थित रूप दने के लिए 100 से अधिक सदस्यों की टीम जुटी हुई है। इसके लिए विभिन्न समितियो का गठन भी किया गया है।

● सेंट्रल, जिला ग्रंथालय, नालंदा-तक्षशिला लाइब्रेरी की सीटें सुबह-शाम सेल्फ स्टडी करने सदस्यों से हुई फुल

# स्टूडेंट्स के कॅरियर के लिए टर्निंग प्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम, 4 से 6 घंटे लाइब्रेरी में बिता रहे समय

समर सीजन बोर्ड परीक्षा दे चुके स्टूडेंट्स और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए कॅरियर के लिहाज से टर्निंग प्वाइंट का समय होता है। ऐसे में स्टूडेंट्स कई तरह के प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी में लगे हुए हैं। मई में होने वाले प्रमुख एंट्रेंस एग्जाम में एईईटी यूजी 3 मई, यूपीएससी प्रीलिम 24 मई, सीयूईटी यूजी 11-31 मई और सीजी पीपीएचटी 21 मई जैसे प्रमुख प्रवेश परीक्षाएं निर्धारित हैं।



**रायपुर।** मेडिकल, इंजीनियरिंग और सिविल सेवा के लिए यह महीना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसे देखते हुए युवा शहर के सर्व सुविधायुक्त लाइब्रेरियों में एसी-फैन की ठंडक के बीच पढ़ाई करने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। शहर के लाइब्रेरी नोडल अधिकारी केदार पटेल ने बताया कि 12वीं के बाद इंजीनियरिंग, मेडिकल, कानून और आर्ट्स के लिए ये परीक्षाएं मेरिट-आधारित प्रवेश सुनिश्चित करती हैं। यह समय स्टूडेंट्स व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए गोल्डन चांस होता है। ऐसे में इन परीक्षाओं में सफलता अर्जित करने के लक्ष्य को ध्यान में रखकर शहर की सभी लाइब्रेरियों सेंट्रल, जिला ग्रंथालय, नालंदा-तक्षशिला लाइब्रेरी की सीटें सुबह-शाम सेल्फ स्टडी करने सदस्यों से फुल हो चुकी है। मई और जून महीने में दर्जनों कम्पीटिशन व एंट्रेंस एग्जाम होंगे। ऐसे में सुबह से देर रात तक नालंदा लाइब्रेरी और देर शाम तक तक्षशिला लाइब्रेरी में प्रतिभागी स्टूडेंट्स तैयारी कर रहे हैं। नालंदा व तक्षशिला लाइब्रेरी स्टूडेंट्स के लिए इन परीक्षाओं में सफलता अर्जित करने में प्लेटफार्म का काम कर रही है। यही वजह है कि हर वर्ग के स्टूडेंट्स के लिए सर्वसुविधायुक्त लाइब्रेरी पहली पसंद बनी गई है। यहां पर स्टूडेंट्स एकाग्र मन से तैयारी कर अपने लक्ष्य को हासिल कर सकें, ऐसा वातावरण उलब्ध कराया गया है।



### मेडिकल, इंजीनियरिंग और सिविल सेवा जैसे महत्वपूर्ण परीक्षाएं

नालंदा व तक्षशिला लाइब्रेरी में सेल्फ स्टडी से एंट्रेंस व कम्पीटिशन एग्जाम क्रैक करने स्टूडेंट्स 4 से 6 घंटे लाइब्रेरी में बिता रहे हैं। इंजीनियरिंग, मेडिकल, कानून और आट्र्स के लिए ये परीक्षाएं मेरिट-आधारित प्रवेश सुनिश्चित करती हैं। वहीं कंपीटिटीव एग्जाम से सीधे सरकारी जॉब का सपना साकार होता है। पिछले कुछ सालों में बड़ी संख्या में लाइब्रेरी में तैयारी कर स्टूडेंट्स ने यूपीएससी, सीजीपीएससी प्रतियोगी परीक्षा और जेईई एडवांस व मेंस जैसे परीक्षाए क्रैक किए हैं। इन सफल स्टूडेंट्स को देखकर 10वीं, 12वीं और ग्रेजुएशन के स्टूडेंट्स लाइब्रेरी की सदस्यता लेकर सेल्फ स्टडी से इन एग्जाम में सफलता पाने तैयारी में जुट गए हैं।

### ठंडे वातावरण में कर रहे पढ़ाई

लाइब्रेरी प्रबंधन का कहना है कि स्टूडेंट्स अपने एग्जाम की बेहतर तैयारी कर सकें, इसके लिए उनके आगामी एग्जाम को लेकर बुक्स, स्टडी मटेरियल्स भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। लाइब्रेरी में स्टूडेंट्स को उनकी डिमांड की बुक्स व मटेरियल्स की जानकारी लेने डिमांड रजिस्टर रखा गया है। वहीं गर्मी के मौसम में एसी और फैन की सुविधा के साथ कूलिंग वातावरण में स्टूडेंट्स तैयारी कर रहे हैं। स्टूडेंट्स सिलेबस और परीक्षा पैटर्न, पिछले वर्षों के प्रश्नों के नोट्स, मॉक टेस्ट की तैयारी कर रहे हैं।

**धर्म लाइव**

## प्रदेश में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग सामूहिक दर्शन के लिए विशेष कार्यक्रम



**रायपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग संस्था छत्तीसगढ़ की ओर से 20 से 30 अप्रैल तक प्रदेश में प्राचीन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस सामूहिक जनदर्शन के विशेष कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न शहर मुख्य रूप से बस्तर, रायपुर, अंबिकापुर, दुर्ग, बलौदाबाजार, जांजगीर -चांपा,बिलासपुर, कोरबा, भिलाई और राजनांदगांव में होगा। आयोजन संस्था के स्वामी प्रणवानंद, सरिता बाजपेयी और दीपेंद्र धर दीवान ने मंगलवार को संयुक्त पत्रकार वार्ता में इस बात की जानकारी दी। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता गुरुदेव रविशंकर ने सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के खंडों की पुनर्स्थापना का दायित्व ग्रहण किया था। इसके बाद देशभर में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के सामूहिक दर्शन काय्रक्रमों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। स्वामी प्रणवानंद ने बताया कि यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ वासियों के लिए पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है।

आर्ट ऑफ लिविंग 20 से 30 अप्रैल आयोजित कर रहा कार्यक्रम

# समर सीजन में 'छई छपा छई', बच्चे और बड़े ले रहे एडवेंचर का मजा





**रायपुर।** समर सीजन में बच्चे और उनके परिवार चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए स्नो पार्क, वाटर पार्क, फन सिटी और इंटरनेशनल स्वीमिंग पूल में मस्ती कर रहे हैं। ये स्थान गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के लिए पसंदीदा डेस्टिनेशन बनकर उभरे हैं, जहां वे ठंडक का एहसास पा रहे हैं। किड्स व फैमिली को यहां पर स्नो पार्क कृत्रिम बर्फ, स्नो स्लाइडिंग, स्नोफॉल के अलावा वाटर पार्क में स्वीमिंग पूल और ठंडी फुहारों में भीगने-तैरने का अनुभव ले रहे हैं।

गर्मी के दिनों पर फन सिटी, वाटर पार्क बच्चों के लिए वॉटर स्लाइड, पूल और एडवेंचर गेम्स, एडवेंचर पार्क मस्ती और मनोरंजक गतिविधियों के लिए बेस्ट स्पॉट बने हुए हैं। शहर के मॉल में स्नो पार्क और फन सिटी जैसी जगहों पर लोग बेहतरीन फैमिली पिकनिक को एंजॉय कर रहे हैं। वहीं शहर में कई जगहों पर मीना बाजार, मेले भी लगे हुए हैं, जहां शाम होते ही बच्चे फैमिली के साथ झूले, जादू के शो, खानपान का लुत्फ उठाने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। इन दिनों पारा तेजी से चढ़ता जा रहा है। तेज धूप के बीच उमस लोगों को परेशान करने लगी है। ऐसे में मौसम से राहत के लिए वे उद्यानों, नदियों और हरियाली से भरे पहाड़ी क्षेत्रों में घूमने के लिए पहुंच रहे हैं तो दूसरी तरफ बच्चों की स्पेशल डिमांड पर फन सिटी, वाटर पार्क, मीना बाजार, फन मेले में भी इन दिनों रौनक बढ़ी हुई है। यहां सपरिवार पहुंचकर लोग रेन डांस और वेव पूल का मजा ले रहे हैं। फ्रेंड्स के ग्रुप भी एंजाय करने के लिए यहां पहुंच रहे हैं। पानी की बौछारों के बीच नहाने का मजा ही कुछ और है। लहरों के बीच समुद्र का अहसास करने, ऊंचाई से फिसलते हुए ठंडे-ठंडे पानी के बीच पहुंच जाने, इनका मजा लेने वालों में बच्चों की संख्या ज्यादा है। इतना ही नहीं, यहां खाने-पीने की सामग्री भी उपलब्ध है।

### तैराकी पोशाक के साथ सुरक्षा के भी इंतजाम

वाटर पार्क के प्रबंधकों का कहना है कि आंगुतकों के लिए वाटर पार्क तैराकी पोशाक सामान्य शुल्क के साथ उपलब्ध कराता है। पोशाक के लिए शुरू में 300 रुपए लिए जाते हैं। पोशाक जमा करने पर 200 रुपए वापस कर दिए जाते हैं। परिसर में लॉकर सेवा भी उपलब्ध है। दो अलग-अलग लॉकरों का शुल्क 350 और 180 रुपए है। वापसी के दौरान इसमें से क्रमशः 250 और 100 रुपए वापस कर दिए जाते हैं। एकल टिकट के साथ प्रवेश की अनुमति नहीं है। बच्चों के साथ फैमिली का होना जरूरी है।

### इन लोकेशन पर बेस्ट डेस्टिनेशन

शहर के वीआईपी रोड, पुराना विधानसभा रोड स्थित मॉल में स्नो पार्क बनाए गए हैं। वहीं भाठागांव रावणभाटा मैदान में फन सिटी है। शहर के आसपास 15 से 25 किलोमीटर के अराउंड में कई बेस्ट वाटर पार्क, फन सिटी जैसे मनोरंजक डेस्टिनेशन फैमिली फ्रेंड्स के लिए उपलब्ध हैं, जहां लोग इस समर सीजन में बच्चों की छुट्टियों को यादगार बना सकते हैं।

# अहंकार का त्याग कर, मन को शुद्ध रखने से परमात्मा शिव की शरण मिल जाता है




**रायपुर।** शिव शक्ति प्रज्ञा महिला मंडली सेलुद के तत्वाधान में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ व पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया। कथा का शुभारम्भ कलश यात्रा व देवी देवताओं के पुजा अर्चना के साथ हुआ।पांचों दिवस सुबह 9 से 12 हव यज्ञ का कार्यक्रम हुआ वही दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक शिव महापुराण कथा हुई।जिसमे भगवान भोलेनाथ की कथा सुनाते हुए आचार्य महादेव ने कहा कि शिव ही परम तत्व हैं। शिव देवों के देव हैं, पर वे असुरों, पशुओं (पशुपति) और भूतों को भी अपनाते हैं, जो सर्वसमावेशी होने का प्रतीक है।

### पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का समापन

अहंकार का त्याग कर, मन को शुद्ध रखते हुए परमात्मा शिव की शरण में जाना ही परम शांति और मुक्ति का मार्ग है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रुप से सीता बंछोर, ललिता वर्मा, केंवरा साहु, सत्यभामा बंछोर, सूरज बंछोर, अन्नपूर्णा बंछोर, खेमिन साहु, भागवत वर्मा, घनश्याम पटेल, रमेश देवांगन, खेमलाल साहू, अशोक सिंह कौशल कुमार आडिल सुरेंद्र बन्छोर, कौशल बनपेला, अमरचंद साहू, सीताराम यादव, अशोक देवांगन, नरसिंग ठाकुर, लक्ष्मण वर्मा, एल बी सिंह, नरोत्तम साहू, कृष्णा साहू, अनिता देवांगन, आशा वर्मा, अनुसुइया बन्छोर, शैल साहू, भोज साहू, सुनीता ठाकुर, ललिता बनपेला, योगेश्वरी साहू, सुभद्रा साहू, गोदावरी साहू, भुनेश्वरी साहू, हिमांशी, निथिल, तारिणी, हनी और डॉली उपस्थित रहे।

## बिरगांव में नौ बेटियों का कन्यादान, गाजे-बाजे के साथ निकली बारात



रायपुर। बिरगांव में अनाथ व जरूरतमंद बेटियों का कन्यादान किया गया। अक्षय तृतीया के अवसर पर राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य पद्मा चंद्राकर ने यह आयोजन किया। इस दौरान 9 बेटियों का कन्यादान किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह ने बेटियों को आशीर्वाद दिया। पांरपरिक रूप से गाजे-बाजे के साथ, हल्दी-मेहंदी जैसी हर रस्म को निभाते हुए दो दिन के लग्न में विवाह संपन्न कराया गया।















## सिटी स्पोर्ट्स

### महिला चैलेंजर ट्रॉफी में नॉर्थ और साउथ जोन की जीत



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-19 एक दिवसीय महिला चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत मंगलवार को शानदार मुकाबले हुए। कल्याण कॉलेज मैदान सेक्टर-7 टीम वेस्ट जोन विरुद्ध नॉर्थ जोन में परिणाम नॉर्थ जोन ने 5 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन टीम 102 रन पर ऑल आउट हो गई। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन ने 5 विकेट पर 104 रन बनाए। मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में टीम सेंट्रल जोन विरुद्ध साउथ जोन में परिणाम साउथ जोन ने 6 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में सेंट्रल जोन ने 4 विकेट पर 138 रन बनाए। बल्लेबाजी में साउथ जोन ने 4 विकेट पर 139 रन बनाए।

### एलिट ग्रुप के लिए क्वालिफाई किया कवर्धा और कोरबा ने



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-16 प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का सेमी फाइनल मैच मंगलवार को खेला गया। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम कवर्धा विरुद्ध कोरिया जिला परिणाम में कवर्धा ने 290 रनों से जीता एवं एलिट ग्रुप के लिए क्वालीफाई किया। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम कोरबा विरुद्ध धमतरी में परिणाम मैच ड्रॉ रहा। पहली पारी के बढत के आधार पर कोरबा जिला की टीम ने एलिट ग्रुप के लिए क्वालीफाई किया। उल्लेखनीय है कि प्लेट ग्रुप के सेमी फाइनल मैच की विजेता टीम के मध्य फाइनल मैच नहीं खेला जाता जो टीम सेमीफाइनल में विजयी होती है वह एलिट ग्रुप के लिए क्वालीफाई करती है।

### राष्ट्रीय शालेय बेसबॉल में छत्तीसगढ़ टीम की विजयी शुरुआत



**रायपुर।** 69वी राष्ट्रीय शालेय बेसबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता दिल्ली में 16 से 22 अप्रैल तक आयोजित है। जिसमें छत्तीसगढ़ के बेसबॉल 14 एवं 17 वर्ष के बालक बालिका की टीम भाग ले रही है। छत्तीसगढ़ टीम के प्रमुख प्रबंधक अख्तर खान ने बताया कि 17 वर्ष बालिका का पहला मैच जम्मू कश्मीर से हुआ जिसमें टीम ने 12-02 से जीत हासिल की।

साक्षी ध्रुव, कामिनी और रागिनी ने अपनी टीम के लिए रन बनाई वहीं 14 वर्ष बालिका टीम ने भी जबरदस्त शुरूआत करते हुए मणिपुर को 11-00 से हराकर अपना मैच जीते। जिसमें सोनाली, नगीना, दिव्या, रानी ने टीम के लिए रन बनाए। 17 वर्ष बालक टीम का पहला मैच जम्मू कश्मीर से ह जिसमे प्रदेश की टीम 10-00 से मुकबला जीता। योगेश, सागर, प्रमोद, रिंकू ने टीम के लिए रन बनाए और दूसरे मैच में सीबीएसई टीम से भी 10-00 से जीत कर अगले चक्र में प्रवेश किया। टीम के कोच मैनेजर अख्तर खान, दिनेश वर्गीस, संदीप गाहिरे नेहा यादव, अंजली खलखो है। खिलाड़ियों को प्रदेश बेसबॉल संघ की अध्यक्ष डॉ पलक जायसवाल, महासचिव मिताली घोष, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कैरोलीन सत्तुर, मृत्युंजय शर्मा, जिला क्रीड़ा अधिकारी कमलेश यादव, आकाश कश्यप, लखन देवांगन, अंकुर रजक, शिशिर निषाद आदि ने बधाई दी है।

### जिला स्तरीय शतरंज चैंपियनशिप भिलाई में 25 अप्रैल से



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के मार्गदर्शन में जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा मनसा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सहयोग से 25 एवं 26 अप्रैल को जिला स्तरीय अंडर 7 एवं 11 शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत एवं सचिव तुलसी सोनी ने बताया कि उक्त स्पर्धा में अंडर 7 एवं अंडर 11 के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को मेडल व ई सर्टिफिकेट दिया जायेगा। राज्य चैम्पियनशिप के लिए चयनित खिलाड़ियों की फीस संघ द्वारा वहन की जाएगी। प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय नियमों के आधार पर 6 राउंड में खेली जाएगी। स्पर्धा में प्रवेश शुल्क तीन सौ रुपए एवं प्रवेश की अंतिम तिथि 22 अप्रैल तक निर्धारित है। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक इंटरनेशनल आर्बिटर रॉकी देवांगन एवं तकनीकी सहायक फीडे आर्बिटर अनिल शर्मा होंगे।

### जानिए क्या है हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक में अंतर

# गर्मी में शरीर के संकेतों को अनदेखा न करें, जानलेवा भी हो सकती है जरा सी लापरवाही

गर्मियों में बढ़ते तापमान के साथ शरीर पर गर्मी का असर भी तेजी से दिखने लगता है। ऐसे में अक्सर लोग हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक को एक ही समझ लेते हैं, जबकि ये दोनों अलग-अलग स्थितियां हैं और इनकी गंभीरता भी अलग होती है। सही समय पर पहचान और इलाज बहुत जरूरी है, क्योंकि हीट स्ट्रोक जानलेवा भी साबित हो सकता है। देश इन दिनों गर्मी के प्रकोप में है। पारा 40 के आस-पास बना हुआ है। डॉक्टर कहते हैं कि बढ़ती गर्मी में हल्की सी भी लापरवाही भारी पड़ सकती है। गर्मी के दिनों में अक्सर दो स्वास्थ्य समस्याओं की सबसे ज्यादा चर्चा होती है वह है- हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक। अप्रैल में ही बढ़ती गर्मी आने वाले महीनों, मई-जून के लिए अलर्ट कर रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पहले से ही क्रॉनिक बीमारियों के शिकार लोगों के लिए ये कई तरह की मुश्किलें बढ़ाने वाली हो सकती है। दिन में ज्यादा समय तक धूप में रहने से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। कहीं आप भी तो हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक को एक ही तो नहीं मानते आ रहे हैं, ये दोनों अलग-अलग स्थितियां हैं। आइए इसके बारे में आगे विस्तार से जानते हैं।



### शरीर खुद को करता रहता है ठंडा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारे शरीर का मैकेनिज्म ऐसा है कि वह खुद को गर्मी से बचाए रखने के लिए काम करता रहता है। तापमान बढ़ने की स्थिति में शरीर पसीने का उत्पादन बढ़ाकर खुद को ठंडा करता है। हालांकि जब गर्मी और नमी का स्तर बहुत ज्यादा हो जाता है, तो यह सिस्टम फेल होने लगता है। ऐसे में पहले हीट एग्जॉशन होता है।



हीट एग्जॉशन को स्वास्थ्य विशेषज्ञ एक चेतावनी की तरह मानते हैं। अगर इस स्थिति को नजरअंदाज किया जाए तो यह हीट स्ट्रोक में बदल सकता है, जिसे जानलेवा तक माना जाता है। आइए इन दोनों में अंतर समझ लेते हैं।

### पहले हीट एग्जॉशन के बारे में जान लीजिए

मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि हीट एग्जॉशन तब होता है, जब आपके शरीर से पसीने के रूप में ज्यादा मात्रा में पानी और नमक निकल जाता है।इससे शरीर कमजोर होने लगता है और तापमान नियंत्रित करने की क्षमता में दिक्कत आ जाती है। ये गर्मी से जुड़ी एक शुरुआती स्थिति होती है, लेकिन इसे नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है। अत्यधिक पसीना आना, कमजोरी, चक्कर आना, सिरदर्द, मांसपेशियों में ऐंठन, मतली जैसी स्थितियां हीट एग्जॉशन का संकेत हो सकती हैं। कई बार व्यक्ति को बेहोशी जैसा महसूस भी हो सकता है। यह स्थिति आमतौर पर लंबे समय तक धूप में रहने या पर्याप्त पानी न पीने से होती है।

अब हीट स्ट्रोक के बारे में जान लीजिए

हीट एग्जॉशन की ही तरह हीट स्ट्रोक भी गर्मी से जुड़ी समस्या है, लेकिन यह गंभीर और जानलेवा हो सकती है। हीट स्ट्रोक तब होता है जब शरीर के तापमान नियंत्रण



करने की क्षमता पूरी तरह फेल हो जाती है और शरीर का तापमान 40 डिग्री या उससे ज्यादा पहुंच जाता है। हीट स्ट्रोक के कारण पसीना आना बंद हो जाता है और त्वचा ड्राई और गर्म हो जाती है। तेज बुखार, भ्रम, दिल की धड़कन तेज होने, सांस लेने में दिक्कत होने और बेहोशी जैसे लक्षण भी दिखाई देते हैं। यह एक मेडिकल इमरजेंसी है इसमें अगर तुरंत इलाज न मिले तो स्थिति गंभीर तक हो सकती है।

### हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक में क्या अंतर है?

हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक के बीच सबसे बड़ा अंतर इसकी गंभीरता और शरीर के तापमान में है। हीट एग्जॉशन को आमतौर पर चेतावनी माना जाता है, जबकि हीट स्ट्रोक एक आपातकालीन स्थिति है। हीट एग्जॉशन में शरीर पसीना निकालता रहता है, जबकि हीट स्ट्रोक में पसीना बंद हो सकता है। इन दोनों स्थितियों से बचने के लिए शरीर को हाइड्रेट रखना, दिनभर में पर्याप्त पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स वाली चीजों का सेवन सबसे जरूरी है।



## ज्यादा चीनी से जोड़ों-लिवर की भी बढ़ सकती हैं समस्याएं

शरीर को रोगमुक्त रखने के लिए जिन चीजों की मात्रा आहार में कम से कम रखने की सलाह दी जाती है, नमक और चीनी उनमें शीर्ष पर है। आहार में नमक की अधिकता से ब्लड प्रेशर बढ़ने से लेकर हार्ट और किडनी तक की समस्याओं का खतरा हो सकता है, इसी तरह से जो लोग अधिक मात्रा में चीनी वाली चीजों का सेवन करते हैं उनमें समय के साथ डायबिटीज की बीमारी होने का जोखिम बढ़ जाता है। आहार विशेषज्ञ चीनी और नमक के अधिक सेवन को शरीर के लिए 'स्लो पॉइजन' जैसा मानते हैं जिससे धीरे-धीरे कई प्रकार की बीमारियों के विकसित होने का जोखिम हो सकता है।

चीनी के अधिक सेवन को आमतौर पर डायबिटीज का प्रमुख कारक माना जाता है, पर क्या आप जानते हैं कि चीनी के कारण होने वाले दुष्प्रभाव यहीं तक सीमित नहीं हैं। डायबिटीज के अलावा भी चीनी शरीर को कई प्रकार से प्रभावित कर सकती हैं। तो अगर आप ज्यादा चीनी खाते हैं तो अभी से सावधान हो जाइए।



### चीनी शरीर के लिए हानिकारक

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शुगर ड्रिंक, कैंडी, बेक किया हुआ सामान और मीठे डेयरी उत्पादों में ऐडेड शुगर की मात्रा बहुत अधिक होती है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि इसे क्या कहा जाता है, चाहे आप चीनी कहें या ऐडेड शुगर, इसकी अधिक मात्रा शरीर पर कई तरह से नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है।

ये मान कर चलना कि ज्यादा चीनी खाने से सिर्फ डायबिटीज होने का जोखिम रहता है, आप गलती कर रहे हैं। चीनी की अधिकता ब्रेन से लेकर लिवर, जोड़ों और हार्ट तक के लिए दिक्कतें बढ़ाने वाली हो सकती है।

### मूड से संबंधित विकारों का खतरा

क्या आप जानते हैं कि चीनी खाने से आपके मस्तिष्क में डोपामाइन नामक आपको अच्छा महसूस कराने वाला रसायन उत्पन्न होता है। इससे आपको और अधिक मात्रा में चीनी वाली चीजों को खाने की इच्छा होती है।

## वर्ल्ड टेबल टेनिस डे समारोह में वरिष्ठ खिलाड़ियों का सम्मान




**रायपुर।** वर्ल्ड टेबल टेनिस डे (23 अप्रैल) के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ एवं राजधानी टेबल टेनिस संघ, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 20 अप्रैल को सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल, रायपुर में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टेबल टेनिस के साथ-साथ अन्य खेलों में भी उत्कृष्ट योगदान देने वाले वरिष्ठ खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर के प्रथम पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला (आईपीएस) थे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने की तथा विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर जादवानी एवं पूर्व संरक्षक डॉ. भरत अग्रवाल थे। संघ के उपाध्यक्ष विनय बैसवाडे मंच पर मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन रायपुर महानगर टेबल टेनिस संघ के सचिव शकील साजिद ने किया।

समारोह के दौरान, मुख्य अतिथि पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला (आईपीएस) ने स्वयं रोबो मशीन पर खेलकर उपस्थित सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में, संघ की ओर से मुख्य अतिथि को ससम्मान स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। समारोह में रायपुर जिला बैडमिंटन संघ के सचिव अनुराग दीक्षित, कराते की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हर्षा साहू, छत्तीसगढ़ वेटरंस टेबल टेनिस समिति के सचिव प्रेमराज जाचक, तकनीकी समिति के चेयरमैन अरविंद कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, विमल नायर, गिरिराज बागड़ी, प्रणय मजुमदार, ईरा पंत, गीता पंडित, रेणुका सुब्बा, डॉ. मोहन सावंत, डॉ. आलोक शर्मा, डॉ. विजय खंडेलवाल, प्रमिला ठाकुर, दिव्या आमदे, अरुण बावरिया, हरीश पांडे, राकेश यादव, तरुण राठोड, प्रवीण निरापुरे, प्रिया चावड़ा, मो शफाक, एस वत्स, प्रमिला देवांगन और चिरंजीत राय सहित संघ के अनेक पदाधिकारीगण, खिलाड़ीगण एवं अभिभावकगण उपस्थित थे।

### इनका हुआ सम्मान

इस अवसर पर खिलाड़यों को सम्मानित किया गया। इनमें टेबल टेनिस के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वरिष्ठ खिलाड़ियों सुरेश दुबे, शैलेश गोलछा, राजपाल बघेल, डॉ. अनिल एस. कोटस्थाने, राजीव काले और डॉ. स्वाति बांठिया को सम्मान-पत्र, श्रीफल एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रथम बार अन्य खेलों के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट योगदान हेतु वरिष्ठ खिलाड़ियों में नीता डुमरे (हॉकी), कविता दीक्षित (बैडमिंटन) एवं राजेश सोमवंशी (वॉलीबॉल) को भी सम्मान-पत्र, श्रीफल एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## धूप से आकर तुरंत पीते हैं ठंडा पानी तो जान लीजिए इसके नुकसान

गर्मियों ने दस्तक दे दी है और तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इस मौसम में आप थोड़ी देर के लिए ही क्यों न बाहर निकलें आपका गला और जुबान सूखने लगता है,ऐसा लगता है कि कब ठंडा पानी मिल जाए और सुकून आ जाए, हम में से अधिकतर लोग धूप से आकर चिल्ड पानी पी लेते हैं। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो आज से ही करना बंद कर दीजिए,क्योंकि इससे आपकी सेहत पर गंभीर असर पड़ सकता है। धूप से आने के बाद ठंडा पानी पीने से आपके शरीर का तापमान गड़बड़ा जाता है।

## ऑफिस के साथ बच्चे की पढ़ाई को मैनेज करने अपनाएं टिप्स, नही होगी किसी को परेशानी

'आपके पास तो मेरे लिए टाइम ही नहीं है', अगर आप भी वर्किंग पैरेंट हैं, तो अपने बच्चे से कभी न कभी ऐसा जरूर सुना होगा। असल में यह हर वर्किंग पैरेंट के साथ होना आम बात है। उनके लिए अपनी पेशेवर जिंदगी और बच्चे के लालन-पालन के बीच संतुलन बनाना बहुत मुश्किल हो जाता है। कभी-कभी कुछ माता-पिता इस बात को लेकर मायूस भी हो जाते हैं कि वे अपने बच्चों के लिए समय नहीं निकाल पा रहे हैं। हालांकि आपको इतना नहीं सोचना चाहिए। अगर आप काम कर रहे हैं, तो निसंदेह वह जरूरी होगा। ऐसे में कुछ छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर आप सब कुछ संतुलित रख सकते हैं। यह कैसे संभव है, आइए आर्टेमिस अस्पताल के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विज्ञान के प्रमुख मनोचिकित्सक व सलाहकार डॉ. राहुल चंडोक से जानते हैं।

### धैर्य रखना सीखें

एक बात गांठ बांध लीजिए, इस जीवन में सबसे बड़ी पूंजी है धैर्य। अगर धैर्य हो तो जीवन की कई मुश्किलों का हल आसानी से निकल आता है। बच्चों के लालन-पालन में भी इसकी बड़ी भूमिका है। कई बार ऑफिस की किसी बात से हम उलझन में होते हैं और उसके बदले में गुस्से का सामना करता है हमारा बच्चा। ऐसा बिल्कुल न होने दें। बच्चे के सामने हमेशा धैर्य बनाए रखें। खासतौर पर उसकी पढ़ाई के मामले में बहुत धैर्य की आवश्यकता होती है। हो सकता है कि पर्याप्त ध्यान न दे पाने से उसका रिजल्ट आपकी



उम्मीदों के अनुरूप न रहे, लेकिन इस बात पर झुंझलाहट न दिखाएं।

### बच्चे की बात सुनें

अगर काम के चक्कर में आपके पास बच्चे के लिए बहुत समय नहीं रह पाता है, तो आपको प्रयास करना चाहिए कि जब भी समय मिले उसकी बातों को ध्यान से सुनें। पढ़ाई के बारे में जब उससे बात हो तो वह रिजल्ट पर केंद्रित न हो। उसे ऐसा नहीं लगना चाहिए आप उसे बस रिजल्ट मशीन और स्टेटस सिंबल की तरह मानते हैं। आपकी बात स्कूल के परिवेश, अध्यापकों और उसके दोस्तों पर केंद्रित होनी चाहिए। आपको समझना चाहिए कि उसे कौन से विषय अच्छे लगते हैं और किन विषयों में उसे परेशानी का सामना करना पड़ता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल' के टाइटल को लेकर दर्ज हुआ ट्रेडमार्क उल्लंघन का केस



अमेरिकन सिंगर-परफॉर्मर टेलर स्विफ्ट अपनी एल्बम 'द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल' को लेकर कानूनी पचड़े में फंस गई हैं। टेलर स्विफ्ट को एल्बम से संबंधित ट्रेडमार्क उल्लंघन के मुकदमे का सामना करना पड़ रहा है। लास वेगास की गायिका और लेखिका मारेन वेड, जिनके पास 'कन्फेशंस ऑफ अ शोगर्ल' का ट्रेडमार्क है, उनका दावा है कि एल्बम का टाइटल उनके स्थापित ब्रांड को नुकसान पहुंचाता है। यह मुकदमा कैलिफोर्निया के एक फेडरल कोर्ट में दायर किया गया था। मारेन वेड ने टेलर स्विफ्ट और यूएमजी रिकॉर्डिंग्स पर ट्रेडमार्क उल्लंघन, गलत नामकरण और फाल्स कंटपीशन का आरोप लगाया है। वह हर्जाना और टेलर स्विफ्ट को एल्बम के नाम का उपयोग करने से रोकने के लिए अदालत के आदेश की मांग कर रही हैं। मारेन वेड सोलो परफॉर्मर और अमेरिकाज गॉट टैलेंट की एक्स कंटेस्टेंट हैं। उनका कहना है कि उन्होंने एक दशक से अधिक समय अपने ब्रांड को बनाने में बिताया है। 2014 से वह लास वेगास वीकली के लिए 'कन्फेशंस ऑफ अ शोगर्ल' नाम का एक कॉलम लिख रही हैं, जिसमें वह एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपने अनुभवों को बताती हैं। यह ब्रांड पॉडकास्ट और पॉप और जैज म्यूजिक वाले लाइव शो तक भी पहुंच चुका है। उनका ट्रेडमार्क लाइव स्टेज परफॉर्मेंस, थिएटर प्रोडक्शन और टेलीविजन पर लागू होता है। टेलर स्विफ्ट ने पिछले साल 'द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल' एल्बम रिलीज किया था। शिकायत में कहा गया कि एल्बम के नाम का इस्तेमाल तुरंत उपभोक्ता वस्तुओं, लेबल, टैग और पैकेजिंग पर किया जाने लगा।

### टॉलीवुड

## रजनीकांत की 'जेलर 2' हुई लीक, मेकर्स ने की फैंस से ये अपील



थलापति विजय की 'जन नायकन' के ऑनलाइन लीक होने के बाद पूरी इंडस्ट्री ने इसके खिलाफ आवाज उठाई और आरोपियों पर कार्रवाई की बात कही। अभी 'जन नायकन' की रिलीज का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि अब रजनीकांत की 'जेलर 2' के भी ऑनलाइन लीक होने की खबर सामने आ रही है।

रजनीकांत की मच अवेटेड आगामी फिल्म 'जेलर 2' की एक वीडियो क्लिप ऑनलाइन प्रसारित हो रही है। इसके बाद प्रोडक्शन हाउस सन पिक्चर्स ने प्रशंसकों सहित सभी को कड़ी चेतावनी जारी की है। यह वीडियो 'जेलर 2' के सेट पर शूट किया गया मालूम पड़ता है। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रशंसकों समेत कई लोगों ने इसे हटाए जाने से पहले ही शेयर कर दिया। सन पिक्चर्स के प्रवक्ता ने प्रेस को एक बयान जारी करते हुए कहा, 'हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि फिल्म 'जेलर 2' के सेट से एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है।

हमारी एंटी-पायरेसी टीम स्थिति पर सक्रिय रूप से नजर रख रही है और इसे हटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेगी। जिसमें इन क्लिप को शेयर करने या बढ़ावा देने वाले खातों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करना भी शामिल है।'

फिल्म के प्रोडक्शन हाउस ने फैंस को क्लिप साझा न करने की चेतावनी देते हुए लिखा, 'हम मीडिया और फैन क्लब के सदस्यों से निवेदन करते हैं कि वे इस वीडियो का इस्तेमाल, शेयर या रीपोस्ट करने से बचें। ताकि उनके खातों पर किसी भी प्रकार का निलंबन या प्रतिबंध न लगे। कृपया ध्यान दें कि इस प्रकार की किसी भी कार्रवाई या खातों को पुनः प्राप्त करने के लिए प्रोडक्शन हाउस जिम्मेदार नहीं होगा।

### भोजपुरी

## 'यूपी वाली, बिहार वाली' का ट्रेलर छा गया, देवरानी का पहनावा और भोजपुरी नहीं पसंद



बिहार वाली के भोजपुरी बोलने से लेकर पहनावे तक को नहीं पसंद करती यूपी वाली। रानी चटर्जी और संजना पांडेय जल्द ही अपकमिंग फिल्म 'यूपी वाली, बिहार वाली' का मजेदार ट्रेलर रिलीज, अंत तक रो पड़ेगा दिल।

भोजपुरी सिनेमा की फेमस एक्ट्रेस रानी चटर्जी और संजना पांडेय जल्द ही अपकमिंग फिल्म 'यूपी वाली, बिहार वाली' पोस्टर रिलीज के बाद से ही सुर्खियों में बनी हुई हैं, लेकिन अब फिल्म का मजेदार ट्रेलर भी रिलीज हो गया है। ट्रेलर में रानी चटर्जी और संजना पांडेय के बीच बिहार और यूपी राज्य को लेकर खींचतान जारी है। रानी चटर्जी जहां यूपी वाली हैं, तो संजना पांडेय बिहार वाली हैं। रानी अपने घर के लिए बिहार वाली देवरानी को पसंद करती हैं, लेकिन उन्हें उनकी बोलचाल औऱ पहनावा नहीं पसंद औऱ वो इन चीजों को लेकर देवरानी को बार-बार टोकती भी रहती है।

शादी के बाद इसी नोंक-झोंक के बीच सास खुद दो दो राज्य वाली की सासु मां बताते हुए इठलाती हैं। दोनों बहुओं में यूपी-बिहार को लेकर लेकर दोनों के बीच जबरदस्त तकरार भी होती है। संजना सिंह यूपी की बुराई करती है तो रानी बिहार की, लेकिन संजना के मां बनने की खुशखबरी से घर में सब कुछ बदल जाता है। देवरानी-जेठानी के बीच प्यार पनपने लगता है, लेकिन एक हादसा पूरे घर की खुशियां छीन लेता है। संजना के बच्चे की मौत हो जाती है और वह मानसिक रूप से कमजोर हो जाती है।

## छुट्टियों का फैशन

गर्मियों की छुट्टियों का अपना ही मज़ा होता है। चाहे आप बीच पर धूप सेंक रहे हों, पहाड़ियों में एडवेंचर के दीवाने हों या बस शहर के किसी नए मोहल्ले की गलियों में घूम रहे हों, आरामदायक कपड़े ट्रैवल का एक ज़रूरी हिस्सा होते हैं। 2026 के लिए डिजाइनर नेहा सूदन ने समर वेकेशन आउटफिट और स्टाइलिंग आइडिया सुझाए हैं। यह कम्फर्टेबल और स्टाइलिश दोनों हैं। हालांकि नेहा मानती है कि आपको वह सब कुछ पहनना चाहिए जो आपको कॉन्फिडेंट महसूस कराए। -



लाइफ स्टाइल

# चिलचिलाती धूप से काले पड़ रहे हैं हाथ तो अपनाएं जरूरी घरेलू नुस्खे

गर्मी के इस मौसम में चाहे आप हाथों को कितना भी कवर करके रख लें, लेकिन धूप का असर इस तक पहुंच ही जाता है। वैसे तो टैनिंग से बचने के लिए आपको बाजार में कई प्रकार से टैन रिमूवल क्रीम आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप घरेलू नुस्खों में ज्यादा भरोसा करते हैं, तो इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से आपको हाथों की टैनिंग से छुटकारा मिलेगा।

### दही और हल्दी

दही और हल्दी में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा को कई परेशानियों से काफी राहत दिलाते हैं। ऐसे में आप टैनिंग की परेशानी को दूर करने के लिए दही और हल्दी के पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपको कुछ ही समय में राहत मिल जाएगी।

एलोवेरा इस चिलचिलाती गर्मी में एलोवेरा शरीर को ठंडक पहुंचाने का काम करता है।



इसके साथ ही ये शरीर की टैनिंग हटाने का काम भी करता है। अगर आप हर रोज एलोवेरा को रात में सोने से पहने हाथों में लगाएंगे, तो आपको टैनिंग से जरूर राहत मिलेगी।

### दही और टमाटर

टमाटर में पाए जाने तत्व त्वचा को एक्सफोलिएट करते हैं। ऐसे में आधे टमाटर को लेकर उसपर दही लें और फिर इससे हाथों का स्क्रब करें। इससे भी आपको टैनिंग से छुटकारा मिलेगा। ये काफी फायदेमंद रहता है।

### कच्चा दूध

शरीर के लिए लाभदायक दूध आपकी त्वचा को भी कई परेशानियों से बचा सकता है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस कच्चे दूध में हल्दी और नींबू मिलाकर इसका पेस्ट तैयार करना है। इस पेस्ट को टैनिंग प्रभावित त्वचा पर लगाएं। इससे आपको कुछ ही समय में राहत मिलेगी।

# शादी में ट्रेडिशनल ज्वेलरी करें ट्राई, हर कोई करेगा तारीफ



कई बार ऐसा होता हैं जब आप किसी खास मौके के लिए आउटफिट तो पसंद कर लेती हैं लेकिन सही ज्वेलरी का चुनाव नहीं कर पाती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि आप कन्फ्यूज्ड हो जाती हैं कि आप आपने आउटफिट के साथ किस तरह की ज्वेलरी पहने। अगर आप भी इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं तो बॉलीवुड की इन एक्ट्रेसेस के लुक से आइडिया ले सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ट्रेडिशनल ज्वेलरी दिखाएंगे जिन्हें आप आपने आउटफिट के साथ मैच करके पहन सकती हैं।



### स्टोन वर्क नेकलेस

अगर आप हैवी ज्वेलरी पहनना चाहती हैं तो आप एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के लुक से आइडिया ले सकती हैं। एक्ट्रेस ने स्टोन वर्क वाला नेकलेस पहना है साथ में हाथ में इसी नेकलेस की तरह मैचिंग कंगन पहने हैं और इस ट्रेडिशनल ज्वेलरी में एक्ट्रेस में काफी सुन्दर नजर आ रही हैं। आप भी एक्ट्रेस के लुक से आईडिया लेकर बाजार से इस तरह का नेकलेस और कंगन खरीद सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी आप ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 300 रुपये तक की कीमत में खरीद सकती हैं।

### चोकर

इन दिनों चोकर काफी ट्रेंड में है और अगर आप साड़ी और लहंगा पहन रही हैं तो चोकर वियर कर सकती हैं। इस चोकर को किस तरह अपने आउटफिट के साथ मैच करे इसके लिए आप एक्ट्रेस अनन्या पांडे के लुक आइडिया ले सकती हैं। यह चोकर आपको आसानी से बाजार में मिल जायेगा जिन्हें आप अपने आउटफिट के हिसाब से सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।



# समर सीजन में ऑफिस में पहनने अपनाएं ये फुटवियर

गर्मियों में ऑफिस में जाने के दौरान महिलाएं अपने आउटफिट का चुनाव बड़े ही सोच-समझ के करती हैं पर फुटवियर के मामले में थोडा कन्फ्यूज्ड हो जाती हैं। ऐसा इसलिए क्योकि महिलाएं चाहती हैं कि वो ऑफिस में ऐसा फुटवियर पहने जिसमें वो कंफर्टेबल हो साथ ही इस फुटवियर में वो स्टाइलिश भी नजर आए। अगर आप भी इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं कि समर सीजन में किस तरह का फुटवियर ऑफिस में पहन सकती हैं तो आप इस आर्टिकल की मदद से एक परफेक्ट फुटवियर का चुनाव कर सकती हैं।

### लोफर

ऑफिस में पहनने के लिए लोफर फुटवियर एक परफेक्ट ऑप्शन हो सकता है। इस तरह जहां कंफर्टेबल हैं तो वहीं इस फुटवियर में आप स्टाइलिश भी नजर आएगी। यह फुटवियर आप सूट, जीन्स साथ ही साड़ी के साथ भी वियर कर सकती हैं। इस तरह की फुटवियर आपको कई सारे कलर ऑप्शन में मिल जाएंगे जिन्हें आप ऑनलाइन और



ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 500 से 1000 तक की कीमत में खरीद सकती हैं।

### स्लिंगबैक फुटवियर

स्लिंगबैक फुटवियर जहां पार्टी में पहने जा सकते हैं तो वहीं महिलाएं ऑफिस में इन्हें वियर करके जा सकती हैं। इस तरह के फुटवियर को आप डेनिम के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के फुटवियर में आपका लुक काफी अलग नजर आयेगा साथ ही आप स्टाइलिश भी नजर आएंगी। यह फुटवियर आप ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन दोनों ही जगहों से खरीद सकती हैं।

# चेहरे से फाइन लाइन्स ऐसे हो जाएंगी गायब

एक यंगर और नेचुरली ग्लोइंग स्किन पाने के लिए आप कद्दू के बीज और एलोवेरा जेल की मदद से फेस मास्क बना सकते हैं। जहां कद्दू के बीज एंटी-ऑक्सीडेंट, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होते हैं, वहीं एलोवेरा जेल अपने सुखदायक और मॉइश्चराइजिंग गुणों के लिए जाना जाता है। जब आप इन दोनों को मिक्स अपनी स्किन पर अप्लाई करती हैं तो इससे आपको कई लाभ मिल सकते हैं। सबसे पहले कद्दू के बीज को पीसकर उसका पाउडर बना लें। अब इसमें एलोवेरा जेल, शहद और दही मिक्स करें। अब अपने चेहरे को जेंटल क्लींजर से साफ करें और तौलिए से थपथपाकर सुखा लें। इसे अपने चेहरे पर लगाएं और 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। अब गुनगुने पानी से इसे धो लें।

### एजिंग स्किन के लिए कद्दू के बीज के फायदे

कद्दू के बीज विटामिन ई, विटामिन सी और बीटा-कैरोटीन जैसे एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं। जो फ्री रेडिकल्स को बेअसर करने में मदद करते हैं और स्किन को समय से पहले बूढ़ा होने से रोकते हैं। साथ ही साथ, इसमें ओमेगा -3 और ओमेगा -6 फैटी एसिड होते हैं, जो स्किन को हाइड्रेटेड रखते हैं। इसमें मौजूद जिंक कोलेजन उत्पादन के लिए आवश्यक है, जो स्किन की इलास्टिसिटी और फर्मनेस को बनाए रखता है।



### एजिंग स्किन के लिए एलोवेरा जेल के फायदे

एलोवेरा जेल अपने हाइड्रेटिंग गुणों के लिए जाना जाता है। यह नमी को बनाए रखने में मदद करता है और फाइन लाइन्स और रिंकल्स की उपस्थिति को कम करता है। साथ ही साथ, एलोवेरा में अमीनो एसिड होता है जो कोलेजन उत्पादन को बढ़ावा देता है और स्किन की इलास्टिस्टि को बेहतर बनाता है। इससे आपकी स्किन में फाइन लाइन्स कम नजर आती हैं।

### स्किन के लिए शहद के फायदे

शहद एक प्राकृतिक ह्यूमेक्टेंट है, जिसका अर्थ है कि स्किन में नमी बनाए रखता है और उसे हाइड्रेटेड रखता है। इसके अलावा, शहद में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो स्किन के एजिंग प्रोसेस को स्लो करने में मदद करते हैं। स्किन के लिए दही के फायदे दही लैक्टिक एसिड से भरपूर होता है।

## कार्नर न्यूज

### जींस अब महिला-पुरुष दोनों की पसंद, स्टाइल और फैशन में आगे

# जींस पहनकर दिखना है हैंडसम तो इसे खरीदते वक्त रखें इन बातों का ध्यान

एक समय था, जब लोग पैंट पहनना पसंद करते हैं। ऑफिस से लेकर बाहर घूमने जाने तक के लिए पैंट ही पहनी जाती थी, लेकिन आज के समय में पैंट की जगह अब जींस ने ले ली है। अब जींस एक ऐसा आउटफिट बन चुका है, जिसे पुरुष और महिला, हर कोई पहनना पसंद करता है। ये काफी आरामदायक भी होती है। जींस पहनने के बाद हर किसी का लुक काफी अलग दिखता है। जिस तरह से जींस पहनने से लोग काफी हैंडसम दिखते हैं, ठीक उसी तरह से अगर सही जींस का चयन न किया जाए तो लुक बिगड़ भी सकता है। महिलाएं तो जींस खरीदते वक्त हर एक छोटी बात का ध्यान रखती हैं, लेकिन लड़के ऐसा नहीं करते। इसी के चलते आज के इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको जींस खरीदते वक्त जरूर रखना है। इन बातों को ध्यान में रखकर आप अपने लुक को स्टाइलिश बना सकते हैं।



### ट्रेंड नहीं, अपने आराम को चुनें

अक्सर लड़के ट्रेंड में जैसी जींस चल रही है, उसे बिना सोचे समझे खरीद लेते हैं। कई बार ऐसे खरीदी हुई जींस से लुक बिगड़ जाता है। ऐसे में हमेशा ऐसी जींस का चयन करें, जो आरामदायक हो, और जिसकी फिटिंग सही हो।

### क्वालिटी हो सही

जींस की क्वालिटी से कभी समझौता नहीं करें। ध्यान रखें कि जींस आपको पूरे दिन पहनकर रखनी है। अगर ये खराब क्वालिटी की होगी, तो ये आपको दिनभर परेशान कर सकती है। ऐसे में हमेशा हल्के स्ट्रेच वाली जींस ही खरीदें।

### बॉडी शेप का रखें ध्यान

जींस खरीदते वक्त अपने शरीर के आकार का ध्यान अवश्य रखें। अगर आप लंबे और पतले हैं तो आपके ऊपर स्किनी और स्ट्रेट लेग जींस फिट काफी अच्छी लग सकती हैं। वहीं अगर आपकी पियर शेप बॉडी है, तो आप पर कर्वी फिट जींस अच्छी लगेगी। इसके अलावा यदि आपकी कमर पर मोटापा ज्यादा है तो हाई राइज जींस पहनें।

### सिलाई पर भी डालें नजर

जींस खरीदते वक्त एक बार उसे उल्टा करके उसकी सिलाई पर नजर जरूर डालें। अगर इसकी सिलाई टेढ़ी है, तो पक्का ये जींस आपको या तो ढीली आएगी, या फिर काफी टाइट आएगी। लड़कों की जींस में हमेशा स्ट्रेट योक होता है, इसी वजह से इसकी फिटिंग सही आती है।

